


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, सोमवार
19 मई 2025
वर्ष: 38, अंक: 165
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961


देश

**विपक्ष के खिलाफ पीएमएलए का दुरूपयोग किया जा रहा: शरद पवार**



झारखंड

**3 डिग्री पारा गिरने से ठंडा-ठंडा, कूल-कूल हुआ झारखंड का मौसम, 23 मई तक राहत की उम्मीद**



हज़ारीबाग

**यादव महासभा द्वारा रेजांग ला युद्ध की पवित्र मिट्टी कलश के साथ नगर भ्रमण, अहीर रेजिमेंट की मांग हुई मुखर**

# टोंटो के जंगल में सुरक्षाबलों का बड़ा प्रहार, नक्सली ठिकाना किया ध्वस्त

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**चाईबासा।** नक्सलियों के विरुद्ध चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है।सुरक्षाबलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना अंतर्गत रुतागुटू के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के एक पुराने डंप को ढूंढकर ध्वस्त किया है।

इस पुराने डंप से सुरक्षाबलों ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, कारतूस, विस्फोट और अन्य सामग्री बरामद की है। इस संबंध में रविवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि नक्सली डंप से सुरक्षाबलों ने पांच आइईडी, दो डेटोनेटर, 18 जेलिटन की छड़, 4 से पांच किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट फ्यूल आयल (विस्फोटक सामग्री), लोहे के पाइप, बैटरी, टिफिन बाक्स, प्रेशर कुकर समेत बम बनाने की अन्य साम्रगी बरामद की गयी हैं।



बरामद आइईडी को बम निरोधक दस्ते की सहायता से सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया है। बता दें कि पिछले सप्ताह आइईडी विस्फोट की चपेट में आकर बम निरोधक दस्ते का एक जवान घायल हो गया था।

सारंडा और कोल्हान के जंगलों में मिसिर, अनमोल, मोछू, असीम, सागेन समेत करीब एक दर्जन शीर्ष नक्सलियों के ठिकाने बदल-बदल कर रहने की सूचना पुलिस के पास है। इसी के आधार पर इस क्षेत्र में लंबे समय से सर्च अभियान चला रखा है। इस अभियान में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर की टीमें संयुक्त रूप से शामिल हैं। रविवार के अभियान में सीआरपीएफ की 197 बटालियन, झारखंड जगुआर व जिला पुलिस के जवान शामिल थे।

जंगल में अभियान को गति देने के लिए जगह-जगह फारवर्ड ऑपरेटिंग बेस भी बनाए गए हैं। तीन दिन पहले छोटानागरा थानान्तर्गत बलिबा के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में तेज वर्षा के साथ अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से सीआरपीएफ 26 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी एम. प्रोबो सिंह, सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश भगत एवं सहायक अवर निरीक्षक चंदलाल हांसदा गंभीर रूप से झुलस गये थे। इलाज के क्रम में द्वितीय कमान अधिकारी एम प्रोबो सिंह बलिदान हो गये थे। सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सुरेश भगत एवं चंदलाल डांसद को सेल अस्पताल किरीबुरू एवं टाटा मेन अस्पताल नोवामुंडी में प्राथमिक उपचार के उपरांत रांची भेज दिया गया था। वहां उनकी हालत अब स्थिर है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भाई का निधन, सोरेन परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रामगढ़:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चाचा जगदीश सोरेन का शनिवार को निधन हो गया. स्वर्गीय जगदीश सोरेन (67) राज्यसभा सांसद और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चचेरे भाई थे. चाचा के निधन की खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन के साथ अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे. जहां वे चाचा जगदीश सोरेन के अंतिम संस्कार और दाह संस्कार में शामिल हुए.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने चाचा जगदीश सोरेन के निधन पर सड़क मार्ग से गोला प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे. यहां उन्होंने अपने चाचा के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी अंतिम शवयात्रा में शामिल हुए. मुख्यमंत्री के चाचा जगदीश सोरेन का अंतिम संस्कार पैतृक घर के पास टांगा शिला जोरिया में किया गया. इस दौरान उनकी मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन सहित अन्य परिवार के सदस्य, झामुमो कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे.

स्वर्गीय जगदीश सोरेन अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ये सारी बातें पारिवारिक रिश्तों से जुड़ी हैं, जिसमें हम सभी बंधे हुए हैं. आज हमारे एक परिवार के सदस्य का निधन हो गया है. आज हम उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने आए हैं. भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें.



मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलने के बाद पूरे रास्ते में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार खुद नेमरा गांव में मौजूद रहे और सुरक्षा के साथ-साथ विधि-व्यवस्था की कमान संभाले हुए रहे. उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल और अधिकारी भी मौजूद थे.

# सिमडेगा कॉलेज के बैंक खाते से अवैध निकासी, क्लोन चेक से निकाले 32 लाख रुपये!



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**सिमडेगा:** साइबर ठगों ने चेक का क्लोन बनाकर सिमडेगा कॉलेज के बैंक ऑफ इंडिया के खाता से करीब 32 लाख रुपए उड़ा लिए हैं.रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सिमडेगा कॉलेज के खाते से हुई इस निकासी का मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन में हड़कंप है. इसके बाद रांची विश्वविद्यालय की तीन सदस्य टीम सिमडेगा कॉलेज जाकर मामले की जांच की है. इस जांच टीम ने अकाउंट के खाता से मिलान करते हुए निर्गत चेक की जानकारी ली. इसके बाद टीम ने बैंक अधिकारी से मुलाकात कर संबंधित मामले में जांच कर बैंक खाते में रुपए वापसी के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है.सिमडेगा कॉलेज के बैंक ऑफ इंडिया सिमडेगा शाखा में संचालित खाता से 17 अलग-अलग चेक के माध्यम से 6 खातों में 31 लाख 92 हजार 600 रुपये रुपए की निकासी गुमला के विभिन्न ब्रांच से की गई है. क्लोन चेक के माध्यम से इस धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद बैंक ऑफ इंडिया सिमडेगा के शाखा प्रबंधक द्वारा सदर थाना में आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई आग्रह किया गया है.

रांची विवि की तीन सदस्यीय टीम में फाइनेंस एडवाइजर अजॉय कुमार, फाइनेंस ऑफिसर दिलीप प्रसाद शामिल थे रहे. सिमडेगा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य देवराज प्रसाद ने बताया कि सिमडेगा कॉलेज के संबंधित बैंक खाता का संचालन रांची विवि ही करती है.

उन्होंने बताया कि बैंक आफ इंडिया के द्वारा ही 15 मई को सूचना दी गई थी कि सिमडेगा कॉलेज के बैंक खाता से 27 अप्रैल से एक मई के बीच में करीब 32 लाख रुपये की निकासी की गई है. जिसके बाद रांची विवि के रजिस्ट्रार को पूरी सूचना दी गयी थी.

इस मामले में सदर थाना प्रभारी विनोद पासवान ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सिमडेगा के शाखा प्रबंधक द्वारा आवेदन दिया गया है. जिसके आलोक में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है.

बता दें हो कि तीन दिन पूर्व भी लचरागढ़ महिला संकुल संगठन के खाता से इसी प्रकार से करीब 61 लाख 97 हजार 300 रुपये की अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया था. इसे लेकर भी संगठन के अध्यक्ष ब्रिजीत कंडुलना, सचिव सपना देवी तथा कोषाध्यक्ष रोहिणी देवी ने आवेदन देकर कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज कराया था.

आवेदन में बताया गया कि एक खाता से 43 लाख 19 हजार 800, दूसरे खाता से 18 लाख 77 हजार 500 रुपये की निकासी 1 से 8 मई के बीच इंडियन बैंक गुमला शाखा में गलत तरीके से की गयी है. महिला समूह के अनुसार कुछ दिन पूर्व उन्होंने 4 चेक बुक मंगवाया था. जिसमें पोस्ट ऑफिस से उन्हें 3 चेक बुक की प्राप्त हुआ था. वहीं 99801 से 99825 नंबर का चेकबुक उन्हें नहीं मिला था. इस मामले में भी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कारवाई जारी है.

## अजय नाथ शाहदेव बने जेएससीए के नए अध्यक्ष, एकतरफा की जीत दर्ज



**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं. इस चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की अगुवाई वाली टीम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए एसके बेहरा गुट को करारी शिकस्त दी है. अजय नाथ शाहदेव झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं. इसके साथ ही उनकी टीम से संजय पांडे उपाध्यक्ष, पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी सचिव, शहबाज नदीम सह सचिव और अमिताभ घोष कोषाध्यक्ष चुने गए हैं.

चुनाव के लिए मतदान केंद्र झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम परिसर में नॉर्थ गेट के पास बनाए गए थे. जिसमें कुल 718 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. दोपहर 2 बजे से मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित कर दिए गए. इस चुनाव में दोनों गुटों ने 15-15 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे. चुनाव से पहले शनिवार को दोनों पक्षों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी करते हुए क्रिकेट में पारदर्शिता, खिलाड़ियों की भागीदारी और संरचना को मजबूत करने का वादा किया था. जेएससीए चुनाव में मतदाताओं ने अजय नाथ शाहदेव की टीम पर भरोसा जताया. जिससे उनकी टीम को स्पष्ट बहुमत मिला. अजय नाथ शाहदेव ने अपनी जीत को क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों की जीत बताया. उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य झारखंड क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है. नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ ने कहा है कि यह जीत क्रिकेट प्रेमियों की जीत है, खिलाड़ियों की जीत है. नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में क्रिकेट के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि गांव-गांव से खिलाड़ियों को प्रमोट करने की कोशिश होगी. इसके साथ ही बड़े मैच इस स्टेडियम में लाने की कोशिश जारी रहेगी. छ्व्रस्ष्ट की नई टीम के गठन से राज्य में क्रिकेट प्रशासन को लेकर नए बदलावों की उम्मीद की जा रही है. अब देखना होगा कि यह टीम अपने वादों पर कितनी खरी उतरती है.

# 30 जून को हूल दिवस के मौके पर राज्यव्यापी जन आंदोलन की होगी शुरुआत: चंपाई सोरेन

**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा है कि अवैध धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ राज्य में आगामी 30 जून को हूल दिवस के मौके पर राज्यव्यापी जन आंदोलन की शुरुआत की जाएगी. रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा वे लगातार उठाते रहे हैं. केंद्र सरकार ने भी मुद्दे को गंभीर माना है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है. बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम का पूर्व मुख्यमंत्री ने स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि इस काम के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण जोर पकड़ रहा है.

चंपई सोरेन ने कहा कि रांची, लोहरदगा, गुमला, बोकारो, पाकुड़, साहिबगंज और पलामू क्षेत्र समेत पूरा झारखंड अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ की चपेट में आ रहा है. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि संथाल परगना समेत झारखंड के कई गांव में अब आदिवासी परिवार की संख्या एक भी नहीं बची हुई है.



बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ और धर्मांतरण के मुद्दे को चंपई सोरेन ने पूरी तरह से सामाजिक मुद्दा बताया. इस मुद्दे पर कभी भी राजनीति नहीं होनी चाहिए. आदिवासी संस्कृति पर हमला होने के साथ उनकी जमीनों को भी छीना जा रहा है. आज कई ऐसे गांव हैं जहां आदिवासियों के नाम पर जमीन नहीं बची है.

संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं की अस्मिता का भी मुद्दा उठाया. झारखंड में दुष्कर्मियों को सरकार की ओर से संरक्षण दिया जा रहा है. हाल ही में बोकारो में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले शख्स की मौत पर उसके परिजनों को गठबंधन के सहयोगी दलों की ओर से लाखों रुपए मुआवजा दिया गया और सरकार की ओर से नौकरी दी गई. यह घटना स्पष्ट करती है कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वालों को सरकार का संरक्षण है.

## सिरमटोली फ्लाईओवर विवाद के बीच 'आदिवासी बचाओ मोर्चा' की शुरुआत

**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप को लेकर जारी विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है. एक विशेष बैठक में झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने आदिवासी हितों को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि पिछले चार महीने से रैंप को हटाने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है, लेकिन सरकार ने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी. हमने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार से मांग की, मगर हमें केवल निराशा मिली. 24 अप्रैल को जब प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को छावनी में बदलकर रैंप निर्माण का कार्य शुरू किया, तब हमें समझ में आ गया कि सरकार जबरन यह परियोजना थोपना चाहती है.



बैठक में पूर्व मंत्री ने ऐलान किया कि अब इस आंदोलन को व्यापक रूप देते हुए आदिवासी बचाओ मोर्चा की शुरुआत की गई है. उन्होंने कहा कि अब यह केवल एक रैंप का मामला नहीं रहा. यह हमारे अस्तित्व, हमारी परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों का मुद्दा बन चुका है. गीता श्री उरांव ने राज्य में पेसा कानून के अब तक लागू न होने पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया.

पूर्व मंत्री ने धर्म कॉलम कोड के मुद्दे को भी ज़ोरशोर से उठाया. उन्होंने बताया कि 2011 की जनगणना में सरना धर्मावलंबियों की संख्या करीब 50 लाख थी, फिर भी 2019 में जनगणना प्रपत्र से ट्राइबल धर्म कॉलम कोड को हटा दिया गया. गीता श्री उराँव आगे कहतीं नजर आई कि राज्य सरकार ने 2020 में सरना धर्म कोड प्रस्ताव को विधानसभा में पारित कर केंद्र को भेजा था, लेकिन वह अब भी लंबित पड़ा है.

गीता श्री उरांव ने साफ शब्दों में कहा कि आदिवासियों की धार्मिक और सामाजिक आस्था से जुड़े मुद्दों को दबाया नहीं जा सकता. सरना स्थल, पेसा कानून और कॉलम कोड की माँग- ये तीनों हमारे अस्तित्व से जुड़े हैं. इन्हें नज़रअंदाज़ करना संविधान और लोकतंत्र दोनों का अपमान है.

# एएसआई पुरानी कलाकृतियों और ऐतिहासिक धरोहरों को विलुप्त होने से बचाने में जुटा

**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) रांची मंडल ने 18 मई को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया। इस अवसर पर ऑड्रे हाउस परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स और एएसआई रांची मंडल की ओर से संरक्षित झारखंड के स्मारकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

एएसआई रांची मंडल की अधीक्षण पुराविद डा करबी साहा ने झारखंड में पुरातत्व के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एएसआई झारखंड की पुरानी इमारतों और कलाकृतियों को बचाने के लिए काम कर रहा है। डा. करबी साहा ने कहा कि यदि ऐतिहासिक कलाकृतियों का बेहतर तरीके से संरक्षण नहीं किया जाए, तो इनके विलुप्त होने का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। इसलिए संग्रहालय का अनुसंधान और संरक्षण में काफी महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रोफेसर इंद्र कुमार चौधरी ने एक खास विषय पर भाषण दिया। उन्होंने कहा कि संग्रहालयों का भविष्य तेजी से बदल रहा है। सभी को इसके बारे में सोचना होगा।



आसिफ़ इकराम ने कला संस्कृति के मुख्य विषयों पर अपने विचार प्रकट किए गए। वहीं डा कुमार संजय झा ने कहा कि झारखंड की पारंपरिक कला एवं प्राचीन संस्कृति के संरक्षण पर महत्वपूर्ण विचार रखे गए। उन्होंने झारखंड की पुरानी कला और संस्कृति को बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही।

इस मौके पर कला और संस्कृति विभाग, झारखंड सरकार के निदेशक आसिफ़ इकराम विशिष्ट अतिथि थे। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची के निदेशक डा कुमार संजय झा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रो इंद्र कुमार चौधरी ने 'तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मिथिला पेंटिंग पर कार्यशाला भी हुई।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस एएसआई रांची मंडल की ओर से ऑड्रे हाउस में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें झारखंड की पुरानी इमारतों और पुरातात्विक जगहों की तस्वीरें दिखाई गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कला और संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इसमें रांची विश्वविद्यालय के पुरातत्व और संग्रहालय विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम में दो कार्यशालाएं भी हुईं। पहली कार्यशाला मिथिला पेंटिंग पर थी। इसमें अभिलाषा चौधरी और निधि कुमारी ने मधुबनी और सोहराई जैसी चित्रकारी के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को चित्रकारी की बारीकियां सिखाईं। दूसरी कार्यशाला मृदभांड कला पर थी। इसमें संजय कुमार ने मिट्टी के बर्तन बनाने की पुरानी कला के बारे में जानकारी दी। एएसआई रांची मंडल के सहायक पुरातत्वविद नीरज कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कला संस्कृति विभाग और एएसआई के कर्मचारी भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम कला और संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने का एक प्रयास था।

## श्वेता सिंह मामले में बोकारो उपायुक्त ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी

**संवाददाता द्वारा**

**बोकारो।** बोकारो के उपायुक्त जाधव विजया नारयण राव ने विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ मिली शिकायत की प्रारंभिक जांच कर अपनी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दी है.

उपायुक्त को मिली शिकायत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से श्वेता सिंह द्वारा विधानसभा चुनाव में नामाकन के समय दायर शपथ पत्र में गलत सूचना देने का आरोप लगाया गया था. शिकायत में श्वेता सिंह के पास एक से अधिक पैन (PAN) नंबर और वोटर आइडी कार्ड होने का आरोप लगाया गया था.

मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान पाया गया कि श्वेता सिंह के पास दो पैन नंबर है. एक पैन रामगढ़ और दूसरा गुड़गांव से जारी किया गया है. पैन नंबर-CWTPS5392A रामगढ़ से और CECPS8218E गुड़गांव से जारी किया गया है.

गुड़गांव से जारी किये गये पैन से रिटर्न दायर नहीं किया गया है. रामगढ़ से जारी किये गये पैन से रिटर्न दायर किया जाता है. उपायुक्त को मिली शिकायत में कहा गया था कि श्वेता सिंह पर सरकारी बकाया होने का बावजूद बकाया नहीं होने की गलत जानकारी दी गयी है.



मामले की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि श्वेता सिंह को बोकारो स्टील सिटी में एक क्वार्टर आवंटित किया गया है. इसके किराया और बिजली बिल मद का 45 हजार रुपये से अधिक का बकाया है. लेकिन श्वेता सिंह ने नामांकन के समय दायर शपथ पत्र में सरकार या सरकारी संस्था का बकाया नहीं होने की उल्लेख किया है.

उपायुक्त ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के निर्देश के आलोक में अपनी जांच रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दी है.

## भारत ने आतंकवाद को दिया करारा जवाब, दुनिया को दिया संदेश : उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रहित, सुरक्षा और शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब हम अपने हितों के विरोधी देशों को यात्रा या आयात के माध्यम से सशक्त करते रहें। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, अब समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम अब उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से अपनी भागीदारी के कारण खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे खिलाफ खड़े हो जाते हैं। हर व्यक्ति राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने के लिए सशक्त है और हम व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य, विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए, और वह है: 'राष्ट्र प्रथम'। हर चीज को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर देखा जाना चाहिए।

## मिनटों की आंधी-बारिश से हाहाकार : दिल्ली-एनसीआर में पेड़ और खंभे गिरे, रैपिड रेल की शेड उड़ी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में को मौसम पूरी तरह से बदल गया। आसमान में अचानक से काले बादल छा गए। जिससे साथ तेज गर्म हवाएं चलने लगी। मिनटों की आंधी और बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ है। आज तेज आंधी के कारण न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन की टिन की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सावधानी के तौर पर न्यू अशोक नगर स्टेशन पर परिचालन तत्काल रोक दिया गया है। घटना के संबंध में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जांच की जा रही है। भविष्य में इस तरह की घटना को रोकने के लिए आवश्यक सुधार कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। न्यू अशोक नगर स्टेशन पर सेवाएं अगले निर्देश तक बंद रहेंगी। वहीं नोएडा में भारी बारिश से शहर के कुछ हिस्सों में पेड़ और खंभा गिरने से गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर जाम लग गया। नोएडा में दोपहर के समय नोएडा और आसपास के इलाकों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी से परेशान लोग जैसे ही राहत की उम्मीद छोड़ने लगे, दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और माहौल खुशनुमा हो गया।

## मंत्री आशीष सूद ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरित किए, बुजुर्गों को 10 लाख तक का इलाज मिलेगा फ्री

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिलने लगे हैं। इसी कड़ी में आज दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए। दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने कहा, 'आयुष्मान कार्ड का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। हमने अब तक हजारों लोगों के कार्ड बनाए हैं। इसके साथ ही हम अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि वे उन अस्पतालों में जाकर इसका लाभ उठा सकें। हम उन्हें इसके बारे में जागरूक भी कर रहे हैं।' आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर को प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री का यह बहुत सराहनीय प्रयास है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों और आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। यह संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचेगा और पाकिस्तान की गलत सूचनाओं का मुकाबला करने का काम इन प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से होगा।'


## जलेबी में मिली फफूंदी: 12 साल की बच्ची बीमार

**नई दिल्ली।** गोविंदपुरम स्थित एक मिठाई की दुकान से पनीर की जलेबी खाने के बाद एक 12 वर्षीय बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। बच्ची ने जलेबी खाने के तुरंत बाद उल्टी कर दी, जिसके बाद उसके परिजन उसे लेकर तुरंत चिकित्सक के पास पहुंचे। प्राथमिक जांच में पता चला कि जलेबी में फफूंदी लगी हुई थी। मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग हरकत में आया और दुकान से जलेबी के नमूने जांच के लिए भेजने के साथ ही दूषित जलेबी नष्ट कराई है। स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) भोजपुर क्षेत्र में तैनात राहुल शिवाच गोविंदपुरम में रहते हैं। वह शनिवार की शाम एनडीआरएफ रोड स्थित एक प्रसिद्ध मिठाई की दुकान से पनीर वाली जलेबी खरीदकर घर ले गए थे। घर पहुंचने पर उनकी बेटी ने जलेबी खाई, तो उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे उल्टी होने लगी और बेचैनी महसूस हुई।

# हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति को अपनी हाल ही में लॉन्च की गई पुस्तक ''जनता की कहानी मेरी आत्मकथा'' की प्रति भेंट की। राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि यह बहुत खुशी और सम्मान का क्षण था क्योंकि राष्ट्रपति ने पुस्तक के कुछ पन्नों को विनम्रतापूर्वक पढ़ा और आत्मकथा में शामिल विषयों पर अपने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, जो मेरे सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र के प्रति सेवा का वर्णन करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों के




बारे में जानकारी ली, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में विशेष रुचि थी। राज्यपाल दत्तात्रेय ने उन्हें राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और महिला सशक्तिकरण सहित प्रमुख क्षेत्रों में किए जा रहे विकास के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को हरियाणा में अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में भी अवगत कराया। राष्ट्रपति ने हरियाणा में लड़कियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों, विशेष रूप से खेल क्षेत्र के बारे में, जानकर प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य की प्रगति में उनके बढ़ते योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति ने राज्यपाल दत्तात्रेय की सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में राज्य द्वारा अपनाए गए बहुआयामी दृष्टिकोण की सराहना की।

## विदेश मंत्री के बयान पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के हालिया बयान को आधार बनाते हुए कहा कि हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष और सैन्य कार्रवाई की स्थिति पर बात करते हुए कहा था, ....ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढाँचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह बाहर खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे....। इसी बयान का एक वीडियो जारी करते हुए राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। विदेश मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि पाकिस्तान ने सैन्य हस्तक्षेप न करने की भारत की 'अच्छी सलाह' को नहीं माना। वहीं, 10 मई की सुबह भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह से नुकसान पहुँचाया। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता



चलता है कि किसे (पाकिस्तान) नुकसान हुआ है। इससे यह भी स्पष्ट है कि कौन (पाकिस्तान) गोलीबारी बंद करना चाहता था।

## दिल्ली के महेन्द्रा पार्क क्षेत्र से तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले की फॉरेनर्स सेल ने एक विशेष अभियान के दौरान तीन अवैध रूप से भारत में रह रही बांग्लादेशी महिलाओं को महेन्द्रा पार्क क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनमें से एक महिला खुद को ट्रांसजेंडर बताकर पश्चिम बंगाल की निवासी के रूप में इलाके में पहचान बना चुकी थी और सड़क किनारे मोमोज की रेहड़ी लगाकर खुद को छुपा रही थी। उत्तर-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि उनके पास से दो स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। इसमें प्रतिबंधित आईएमओ एप इंस्टॉल था, जिसका उपयोग वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बातचीत के लिए करती थीं। इसके अलावा एक की-पैड मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि फॉरेनर्स सेल की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपितों में से दीपा नाम से जानी जाने वाली एक युवती ने फेसबुक पर एक भारतीय युवक से दोस्ती की थी। बातचीत बढ़ने पर वह अवैध रूप से बांग्लादेश से सीमा पार कर भारत में दाखिल हुई। युवक ने उसे पश्चिम बंगाल में रिसीव किया और फिर वे दिल्ली में एक किराए के मकान में साथ रहने लगी। पड़ोसी उसे पश्चिम बंगाल की स्थानीय युवती मानते थे। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान अलीना (22 ), तंजीना रहमान उर्फ दीपा (22) और सुहान खान (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों महिलाओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एफआरआरओ आरके पुरम को सौंप दिया है। डीसीपी के अनुसार मई 2025 में सोशल मीडिया पर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों का विश्लेषण शुरू किया गया। एक फेसबुक रील के जरिए उन्हें महेन्द्रा पार्क इलाके की एक गली की पहचान हुई। इसमें एक आइसक्रीम रेहड़ी को दिखाया गया था। उसी वीडियो के आधार पर पुलिस ने करीब 50 गलियों की तलाशी ली और आखिरकार संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। 'दीपा' नाम से रह रही युवती से पूछताछ के बाद दो अन्य बांग्लादेशी महिलाओं की भी पहचान हुई और उन्हें हिरासत में लिया गया। शुरू में दोनों महिलाओं ने खुद को भारतीय नागरिक बताने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल फोन की जांच और पूछताछ में सच्चाई सामने आ गई। तीनों ने यह कबूल किया कि वह बेनापुर बॉर्डर के रास्ते से भारत में आई। यहां वे अपने-अपने पुरुष साथियों के साथ लिव-इन में रह रही थीं।

## सरोजिनी नगर मार्केट में आधी रात को चला एनडीएमसी का बुलडोजर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सबसे चर्चित और सस्ती मार्केटों में शामिल सरोजिनी नगर मार्केट में शनिवार-रविवार रात 12.30 बजे एनडीएमसी ने बुलडोजर चलाया। एनडीएमसी की यह कार्रवाई अवैध रूप से बनाई दुकानों पर हुई है। वहीं, एनडीएमसी की इस कार्रवाई पर दुकानदारों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। दुकानदारों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के वैध दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया गया। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने बताया कि आधी रात को एनडीएमसी की ओर से तोड़फोड़ की गई। इस कार्रवाई में बड़ी दुकानों और मिनी मार्केट्स को नुकसान पहुंचा है, यहां तक कि छतें भी तोड़ दी गई हैं। आधी रात को यह कैसी कार्रवाई हो रही है? एनडीएमसी को कोई कार्रवाई करनी थी तो नोटिस दे सकते थे। लेकिन, बिना नोटिस के यह कार्रवाई कितनी ठीक है? एनडीएमसी की इस कार्रवाई के विरोध में हम रविवार को मार्केट बंद रखेंगे। वहीं, अन्य दुकानदारों का कहना है कि एनडीएमसी की ओर से जो कार्रवाई की गई, उससे हमारी दुकानों को नुकसान हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि एनडीएमसी की ओर से इस कार्रवाई में करीब 500 दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया है। बता दें कि सरोजिनी नगर मार्केट दिल्ली की सबसे पुरानी मार्केट में से एक है। यहां पर दिल्ली ही नहीं बल्कि दिल्ली के बाहर से भी लोग कपड़े की खरीददारी करने के लिए पहुंचते हैं। शनिवार-रविवार को यहां पर लोगों की भारी भीड़ होती है। यहां पर नियमित दुकानों की आड़ में पटरी पर भी भारी संख्या में



दुकानें संचालित होती हैं, जिससे यहां पर भीड़-भाड़ काफी ज्यादा होती है। मार्केट एसोसिएशन की ओर से पटरी पर सजने वाली दुकानों के खिलाफ कई बार शिकायत भी की गई। लेकिन, पटरी पर लगने वाले बाजार कम होने की जगह इनकी तादाद बढ़ी। वहीं, एनडीएमसी के हवाले से बताया गया है कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एनडीएमसी की कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

## केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेस वे के 210 किलोमीटर हिस्से का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को परियोजना को तेजी से पूरा करने और निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

एक्सप्रेस वे की विशेषताएं:

- लंबाई और लागत: एक्सप्रेस वे की लंबाई 210 किलोमीटर है, जिसकी निर्माण लागत लगभग 12,000 करोड़ रुपये है।
- गति और यात्रा समय: एक्सप्रेस वे की निर्धारित गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जिससे दिल्ली से देहरादून तक की यात्रा का समय मौजूदा 6.5 घंटे से घटकर



2.5 घंटे रह जाएगा।
- रूट: एक्सप्रेस वे अक्षरधाम मंदिर दिल्ली से शुरू होकर बागपत, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर से होकर गुजरेगा और देहरादून में समाप्त होगा।
- पर्यावरण संरक्षण: एक्सप्रेस वे के विकास के दौरान राजाजी राष्ट्रीय पार्क में 12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरिडोर विकसित किया गया है।

**मंत्री के निर्देश:**

- हर्ष मल्होत्रा ने एनएचएआई अधिकारियों को परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।
- परियोजना का शेष भाग 2-3 महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है।

**एक्सप्रेस वे का महत्व:**

- एक्सप्रेस वे दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे और अन्य कनेक्टिंग राजमार्गों पर भार कम होगा।
- एक्सप्रेस वे उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हिल स्टेशनों और तीर्थ स्थलों से संपर्क बढ़ाएगा।

## दिल्ली के पहाड़गंज में दीवार गिरने से हादसा, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में शनिवार शाम को एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, कई लोग मलबे में फंस गए। दरअसल, एक निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट का काम चल रहा था। इसी दौरान दीवार गिर गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। यह घटना शाम करीब 6:05 बजे के आसपास आरा कंसा रोड, कृष्णा होटल के पास हुई। घटना के बाद बताया गया कि कुछ लोग मलबे में फंसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। शाम 6:35 बजे जानकारी मिली कि बेसमेंट के निर्माण के दौरान पास की दीवार गिर गई, जिससे तीन लोग मलबे में दब गए। उन्हें तुरंत बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, अब तक की जानकारी में तीन लोगों की मौत हो चुकी है और दो लोग घायल हैं।

इस घटना के बाद रेस्क्यू



ऑपरेशन जारी है। प्रशासन और राहत टीम मौके पर मौजूद हैं, मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली में पिछले महीने एक इमारत ढह गई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। दिल्ली के मुस्तफाबाद में 19 अप्रैल को इमारत ढहने से 11 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना में कई लोग घायल भी हुए थे।

## केंद्र का अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को चिन्हित करने का निर्देश

एजेंसी

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें झारखंड में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी निर्देश दिया कि है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या को चिन्हित करने के लिए राज्य के हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करें। उसके बाद एक होल्डिंग सेंटर बनाएं। दरअसल, झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों की पहचान कर उन्हें समूह में देश से बाहर भेजने की कवायद शुरू की गई है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को देश से बाहर भजेने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को डिपोर्ट करने के लिए प्रोसीजर बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए पत्र में लिखा गया है कि केंद्र के पास संघीय पुलिसिंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सभी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें




चिन्हित जगह पर रखें और फिर डिपोर्ट की कार्रवाई शुरू करें। चिन्हित प्रवासियों के मूवमेंट पर रोक लगाना राज्य सरकार के अधीन होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में यह भी बताया गया है कि अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्यों को डिपोर्ट करने के लिए एक होल्डिंग सेंटर का निर्माण करें। होल्डिंग सेंटर में ही चिन्हित किए गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लाकर रखना है। होल्डिंग सेंटर में जांच पड़ताल पूरी करने के बाद उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को सौंपा जाएगा। इसके बाद संबंधित देश को उनके नागरिकों को सौंपा जाएगा। इस दिशा में कार्रवाई के लिए केंद्र की ओर से पत्र मुख्य सचिव के स्तर से पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों को भी भेजा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह आदेश दिया है कि यदि संदिग्ध बांग्लादेशी या म्यांमार का नागरिक (रोहिंग्या) खुद को भारतीय नागरिक होने का दावा करता है और वह किसी अन्य राज्य में रह रहा हो, तो संबंधित राज्य सरकार गृह सचिव और जिला कलेक्टर या जिला मजिस्ट्रेट को, जहां से संदिग्ध व्यक्ति आने का दावा करता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और राष्ट्र की सेवा में अनेक वर्षों तक काम करने की कामना करती हूं।पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, हमारे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्हें हमारे संविधान का बहुत ज्ञान है, जो एक अग्रणी वकील के रूप में उनके वर्षों के काम से झलकता है। उन्होंने राज्यसभा की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी रुचि भी बहुत अधिक है। ईश्वर करे कि वे दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जिएं। दूसरे पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्हें उनके राजनेता जैसे दृष्टिकोण और जनसेवा के प्रति जुनून के लिए व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कई मुद्दों पर उनकी बुद्धिमत्ता और अंतर्दृष्टि महान शक्ति का स्रोत है। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय संविधान के बारे में उनके अद्भुत ज्ञान के लिए जाने जाते हैं, उनकी बुद्धिमत्ता और दृढ़ता की भी प्रशंसा की जाती है। हमारा राष्ट्र उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता के लिए आभारी है। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे।

## भारतीय सेना ने किया भारत-पाक के बीच सीजफायर खत्म होने की खबर का खंडन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने उन अफवाहों का खंडन कर दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर खत्म हो रहा है। भारतीय सेना ने कहा कि यह महज बस अफवाह है और सीजफायर खत्म नहीं हो रहा है। भारतीय सेना ने कुछ मीडिया हाउस के इस दावे का खंडन किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर रविवार को समाप्त हो रहा है। इसके अलावा, भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच कथित तौर पर डीजीएमओ स्तर की वार्ता पर भी स्पष्टीकरण दिया है।

भारतीय सेना की ओर से रविवार को कहा गया है कि कुछ मीडिया हाउस में यह रिपोर्ट चल रही है कि आज भारत-पाक सीजफायर खत्म हो रहा है। जबकि, ऐसा नहीं है। ऐसी खबरें पूर्ण रूप से गलत हैं। वहीं, डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) स्तर की बातचीत पर सेना ने कहा कि आज कोई बातचीत निर्धारित नहीं की गई है। सेना ने साफतौर पर स्पष्ट रूप से कहा है कि 12 मई को भारत-पाक के डीजीएमओ के बीच जो सीजफायर को लेकर बातचीत



हुई, उसमें कोई समाप्ति तिथि निर्धारित नहीं की गई है। यानी यह अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। ज्ञात हो कि भारत-पाक के सीजफायर को लेकर कुछ मीडिया संस्थानों की ओर से खबरें चलाई गई कि आज भारत-पाक के डीजीएमओ स्तर की बातचीत होनी है और इसका मुख्य उद्देश्य भारत-पाक के सीजफायर खत्म होने को लेकर है। हालांकि, भारतीय सेना ने इन सभी खबरों को झूठा करार दिया है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। बॉर्डर से सटे शहरों को निशाना बनाकार ड्रोन और मिसाइल दागे गए। लेकिन, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइल को हवा में ही नाकाम कर दिया। सेना ने पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया।

# पार्षदों को काम कराने के लिए बजट नहीं मिला, पार्टी नेतृत्व अनुभवहीन - मुकेश गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली, ।** आम आदमी पार्टी (आप) को नगर निगम में बड़ा झटका लगा है। 15 निगम पार्षदों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देते हुए पार्टी से नाता तोड़ लिया है। इन सभी पार्षदों ने एक नया राजनीतिक मंच बनाने का ऐलान किया है, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। इस्तीफा देने वालों में शामिल पार्षद मुकेश गोयल ने मीडिया से बातचीत करते हुए पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। मुकेश गोयल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर आए थे और उस समय हमें 250 में से 135 सीटें मिली थीं, लेकिन आज हमारी संख्या धीरे-धीरे घटकर 90 के आसपास पहुंच गई है। आखिर इसकी वजह क्या है? गोयल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने के बाद निगम पार्षदों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि हमने ढाई साल सत्ता में रहकर कोई काम नहीं किया। हमें कोई बजट नहीं मिला, संसाधन नहीं मिले। निगम पार्षदों को कोई फंड नहीं दिया गया। हमारे पार्षद हर तरफ से परेशान हैं। जब हम अपने क्षेत्र में जाते हैं, तो जनता सवाल करती है और हमारे पास जवाब नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व अनुभवहीन हो गया है और वरिष्ठ पार्षदों की कोई सुनवाई नहीं होती। साल में एक-दो बार बैठक होती है और उसमें भी पार्षदों को धमकाया जाता है कि जिसे जहां जाना है, चला जाए।बता दें कि हेमचंद, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा, सुमन समेत 15 पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने अब एक नया तीसरा मोर्चा (थर्ड फ्रंट) बनाने का ऐलान किया, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन पार्षदों ने अपने फैसले की जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेहता भवन में रक्तदान शिविर का आज होगा आयोजन




**आदिवासी एक्सप्रेस**

हजारीबाग। झारखंड एकता मंच, झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच और आरोग्यम अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग के जुलु पार्क स्थित मेहता भवन में आज रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। आयोजित रक्तदान शिविर की जानकारी साझा करते हुए झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि रक्तदान शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया गया है। रक्तदान शिविर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख़ भिखारी की परपोती सह झारखंड एकता मंच की अध्यक्षा इम्तेशाम अली बतौर मुख्य अतिथि शरीक होकर रक्तदाताओं को सम्मानित करेंगी। आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर रक्तदाताओं से आह्वान करते हुए श्री मेहता ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। युवाओं से खास तौर पर अपील करते हुए कहा कि रक्तदान कर मानवता का परिचय दें।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



सेक्रेड हार्ट स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर (कक्षा 1 से 5) और सीनियर वर्ग (कक्षा 6 से 10) के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस, प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक विनीत, संतु, विकास और अभिषेक द्वारा किया गया, स्कोर बोर्ड का कार्यभार मिस खुशबू सिन्हा ने संभाला। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में अनुभवी शिक्षक सर जॉनसन और सर सूरज उपस्थित रहे। यह एक हाउस वाइज प्रतियोगिता थी, जिसमें सभी हाउस ग्रुप ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में ब्लू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सीनियर वर्ग में रेड हाउस ने बाज़ी मारी और पहला स्थान हासिल किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रे0 सि0 रीणा लाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके जोश और ज्ञान की सराहना की। उन्होंने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रामानुजन ने कम उम्र में ही कई महान प्रमेयों को जन्म दिया, जिनका आज भी गणित की दुनिया में महत्व है।

उन्होंने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षकों की मेहनत और समर्पण साफ झलकता है। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दी।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का पिछले 20 दिनों से किया जा रहा था। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। छात्रों के 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सीएस एंड आईटी के हरभजन कुमार को प्रथम, अंग्रेजी विभाग के अमित कुमार को द्वितीय और सीएस एंड आईटी के राज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं छात्राओं में भूगोल विभाग की डॉली कुमारी प्रथम , रिया द्वितीय और प्रियंका को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।चेस प्रतियोगिता के विनर की ट्राफी मैथ्स के आकाश को, वहीं रनर ट्राफी चिरंजीवी गुप्ता को प्राप्त



हुआ। शॉटपुट में अर्नीशधव कुमार प्रथम, सार्थक द्वितीय और समर्थ को तृतीय पुरस्कार मिला। छात्रों में बैडमिंटन का विजेता नितिन राज और उपविजेता उपेंद्र कुमार जबकि छात्राओं में रूपांशु कुमारी विजेता बनी और उपविजेता अंजलि सिंह रही?। टेबल टेनिस में विजेता का खिताब साहिल कुमार दास ने अपने नाम किया जबकि अवधेश को उपविजेता का खिताब से संतोष करना पड़ा।

कैरम सिंगल में सचिन कुमार दास विजेता रहे, वहीं गुलाम रोशी दूसरे स्थान पर रहे। छात्राओं में प्रिया कुमारी विजेता बनी और डॉली उपविजेता। फुटबॉल, क्रिकेट और वॉलीबॉल कला संकाय के छात्रों ने विजेता की ट्राफी हासिल की जबकि कबड्डी का विनर मैनेजमेंट के खिलाड़ी बने। वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीजी के लिए एलएलएम के ओमप्रकाश कुशवाहा को प्रथम और एमएससी फिजिक्स के अंकित कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं यूजी के लिए पक्ष में बीबीए के सुरभि नायक को जबकि विपक्ष में बीए अंग्रेजी के मो. जिशान को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं पक्ष में सरवजीत और सोनल, विपक्ष में नितिन राज और हेरा फातिमा को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सोलो डांस में बीए राजनीति विज्ञान चौथे सेमेस्टर की प्रिया सिंह प्रथम, बीकॉम की शालिनी कुमारी द्वितीय जबकि इंजिनियरिंग की निकिता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रूप डांस में बीबीए की वाशु कुमारी एंड ग्रूप ने बाजी मारी। पेयर डांस में प्रिया व अकांक्षा को प्रथम जबकि स्नेहा व पल्लवी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मेंहदी में पलक शर्मा और पेंटिंग में बीएफए की सारिका कुमारी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। फैन्सी ड्रेस के लिए सुरभि राज को प्रथम, अरशी द्वितीय और परिणिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीवुड गीत में आर्यन, प्रशांत और पम्मी जबकि लोकगीत में जैनब रिया और दयानंद को को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सेमी क्लासिकल गीत कृति प्रभो और आर्यन कुमार पहले और दूसरे पायदान पर रहे। ग्रूप सॉन्ग में बीपीए के सुरेंद्र कुमार सुदेश, पम्मी कुमारी, जैनब प्रवीण व आशिया प्रवीण की टीम विजयी खिताब अपने नाम किया। भाषण प्रतियोगिता के यूजी में हेरा फातिमा पहले पायदान पर रही जबकि शालिनी दूसरे और नितिन, आलोक व संजना संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर रहे। वहीं पीजी के लिए अंकित, ओमकार व शिम्पी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। स्किट में आशिया, पम्मी, सोनिका, प्रकाश, सिंगराग और प्रीतम ग्रूप ने बाजी मारी। वहीं रील मेकिंग में जैनब, दिव्यांशु और सरोज के नाम प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार रहा। लेखन प्रतियोगिता में यूजी के लिए संजना, शिवनआर्यन व पम्मी कुमारी तथा पीजी के लिए अंकित, पुष्पा और ओमकार को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

# डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग, बोंगा, हजारीबाग में 10वीं पास विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग, बोंगा, हजारीबाग में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की मेहनत, लगन और सफलता को मान्यता देना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री रामचंद्र प्रसाद जी ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उप-प्राचार्य श्री



रौशन खान ने भी छात्रों को आगे की पढ़ाई और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अंजू कुमारी ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी शादाब सर द्वारा किया गया। समारोह में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कई विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

समारोह में शिक्षकों और छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# रजरप्पा टाइम्स के संपादक सहदेव प्रसाद लोहानी की धर्मपत्नी के निधन पर संवेदना जताने उनके रांची आवास पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

- **चित्रावती लोहानी एक सफल अधिकारी के साथ सफ़ल गृहिणी भी रहीः मनीष जायसवाल**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग से प्रकाशित बहुत पुराना साप्ताहिक अखबार ÷रजरप्पा टाइम्स÷ के संपादक सह प्रखर वरिष्ठ पत्रकार सहदेव प्रसाद लोहनी की धर्मपत्नी चित्रावती लोहानी अब इस दुनिया में नहीं रहीं। बीते 14 मई 2025 की अहले सुबह रांची में हृदयगति रुकने से इनका आकस्मिक निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी और रांची के ऑर्किड हॉस्पिटल में बेहतर इलाज के लिए उन्हें भर्ती कराया गया था। 69 वर्ष की आयु में इन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। अंतिम यात्रा उनके रांची स्थित निवास स्थान-फ्लैट न0 501 चित्रकूट, अपार्टमेंट नॉर्थ ऑफिस पाड़ा (अपोजिट लोरोटो कान्वेंट) डोरंडा, रांची से हरमू मुक्ति धाम के लिए निकली। छोटे पुत्र वेदांत लोहानी ने अपनी मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दिया।

चित्रावती लोहानी के आकस्मिक निधन से मर्माहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी शोक संवेदना



पूर्व में ही अपने सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से जताई थी और रविवार को उनके रांची निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल के साथ मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और अनूप अग्रवाल भी साथ थे। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि चित्रावती लोहानी मेकॉन, रांची में 1980 में पदभार ग्रहण की और साल 2016 में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद से अवकाश प्राप्त की। ये अपने पीछे दो पुत्र सीमांत लोहानी उर्फ़ चीतु ( व्यवसाई सह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के परम मित्र), वेदांत लोहानी (सीनियर मैनेजर, बजाज फाइनेंस, पुणे), भतीजा प्रतीक लोहानी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चित्रावती लोहानी एक सफल अधिकारी के साथ सफल गृहिणी भी थी जिन्होंने अपने पति के पत्रकारिता को जीवंत रखने में सहयोग करने के साथ बच्चों को सफल और लायक बनाया। उन्होंने उनके दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से कामना भी किया।

सांसद मनीष जायसवाल से पहले इनके शोकाकुल परिवार से मिलने राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, उनकी मां देवकी देवी, हटिया से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव, राजधानी रांची के वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी, आलोक सिंह, हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप, अमरनाथ पाठक, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार समेत कई सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संगठन के अलावे अधिकारी और पत्रकार उनके आवास पहुंचकर गहरी शोक संवेदना जाता चुके हैं।

## यादव महासभा द्वारा रेजांग ला युद्ध की पवित्र मिट्टी कलश के साथ नगर भ्रमण, अहीर रेजिमेंट की मांग हुई मुखर

- **रेजांग ला युद्ध की वीरगाथा से जुड़ा पवित्र कलश के साथ हजारीबाग की सड़कों पर उमड़ा यादव समाज, अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग की**
- **यादव महासभा द्वारा रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी के साथ नगर भ्रमण, हजारीबाग की सड़कों पर उमड़ा अहीर समाज**
- **अहीर रेजिमेंट की मांग के साथ देशभर में वीर शहीदों के बलिदान की स्मृति को कर रही है जीवित अखिल भारतीय यादव महासभा**



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा संगठन के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनजागृति अभियान के अंतर्गत रविवार को हजारीबाग में रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी के साथ भव्य नगर भ्रमण आयोजित किया गया। यादव महासभा की यह स्वर्ण जयंती यात्रा देशभर में भ्रमण कर रही है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अहीर समाज को संगठित कर, समाज के युवाओं में जागरूकता फैलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और देश के लिए बलिदान देने वाले अहीर वीरों की गाथा को जन-जन तक पहुँचाना है।

रेजांगला युद्ध की ऐतिहासिक गाथा को स्मरण करते हुए महासभा ने बताया कि यह युद्ध 18 नवम्बर 1962 को भारत और चीन के बीच लद्दाख स्थित रेजांगला दर्रे पर लड़ा गया था। इसमें भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी, जिसे अहीर कंपनी कहा जाता है, ने असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए मात्र 120 सैनिकों के साथ 1300 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था।

भीषण ठंड, अत्यल्प हथियार और सीमित भोजन के बावजूद जवानों ने आखिरी साँस तक लड़ते हुए 114 वीर जवानों की शहादत दी। यह युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास की सबसे वीरतापूर्ण लड़ाइयों में गिना जाता है और आज भी यह देशभक्ति और बलिदान का प्रतीक बना हुआ है। इन्हीं वीरों की स्मृति में, रेजांगला की पावन धरती से लाई गई मिट्टी से भरे पवित्र कलश को अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा देशभर में यात्रा पर निकाला गया है। यह कलश शनिवार की शाम हजारीबाग पहुँचा, जहाँ भारत माता चौक पर भावपूर्ण स्वागत किया गया। इसके पश्चात कलश को बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक तक ले जाया गया, जहाँ एक सभा का आयोजन कर लोगों को राष्ट्रभक्ति तथा अहीर रेजिमेंट की माँग के प्रति जागरूक किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया आईसेक्ट विश्वविद्यालय का 10वां स्थापना दिवस

- **मनमोहक नृत्य व गायन पर झूमे लोग**
- **इस अवसर पर साझा की गई विश्वविद्यालय की उपलब्धियां**
- **अभिनय के ज़रिए विद्यार्थियों ने झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया**




**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 10वां स्थापना दिवस झील रोड स्थित ओपन थिएटर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार व आईसेक्ट इंटर कॉलेज की प्राचार्या ममता शर्मा के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वाति एंड ग्रूप की ओर से पेश की गई गणेश वंदना की मधुर आवाज़ ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पम्मी एंड ग्रूप के नागपुरी गीत की प्रस्तुति ने जहां एक ओर झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया, वहीं निकिता, शालिनी, यशोदा, दिव्या, दिव्यांशु, अकांक्षा, ज्योति, राखी व प्रिया के सोलो डांस, पल्लवी एंड ग्रूप, अनन्या एंड ग्रूप, वाशु एंड ग्रूप व गीतांजलि एंड ग्रूप के ग्रूप डांस के अलावा विद्यार्थियों की ओर से पेश किये गये गज़ल, कव्वाली, स्पेनिश व साउथ इंडियन ग्रुप डांस ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुमित की स्टैंडअप कॉमेडी ने भी खूब तालियां बटोरी।

इससे पूर्व स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही विद्यार्थियों के समावेशी विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य को हकीकत में तब्दीली की उम्मीद लिए विश्वविद्यालय अपने कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि 16 मई 2016 को सीमित संसाधनों के साथ आरंभ हुआ यह विश्वविद्यालय आज झारखंड की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विश्वविद्यालय की ओर से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किये जाने के साथ साथ समय समय पर कैरियर काउंसलिंग, विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल जैसी सुविधाओं ने विद्यार्थियों के भविष्य की राह को भी आसान किया है।

वहीं कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय ना केवल सूदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है बल्कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की राह भी तय कर रहा है! उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने इन 10 वर्षों के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल किया है। यहां के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ साथ, खेलकूद और युथ फेस्टिवल जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भी अपना परचम लहराया है! प्रतिकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वह तो महत्वपूर्ण है पर अभी बहुत आगे तक जाना है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय को भारत का नंबर वन विश्वविद्यालय बनाना है और इसमें विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोगों का योगदान महत्वपूर्ण होगा। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने इस दरमियान आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वर्ष 2024 का प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस एक वर्ष में 50 से अधिक संस्थानों के साथ विश्वविद्यालय का एमओयू हुआ है। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए पांच गांवों में से हुटपा गांव में विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से स्वास्थ्य कैंप लगाए गए और लोगों को उचित परामर्श और नि÷ शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक कोर्सों में अध्ययनरत 80 फीसदी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्लेसमेंट विभाग की ओर से अलग अलग कंपनियों में नौकरियां मिली, जो किसी भी विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंच संचालन प्राध्यापिका कुमारी सीमा व धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका सबा प्रवीण ने किया।

**16 मई 2016 को हुई थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना**

हजारीबाग में आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना 16 मई 2016 को हुई थी। यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी, एमकॉम, बीलीब, एमलीब के अतिरिक्त मैनेजमेंट के क्षेत्र में बीबीए, पीजीडीआरडी, एमबीए, कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, कृषि के क्षेत्र में बीएससी (प्रतिष्ठा) एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर, पत्रकारिता में बीजेएमसी, एमजे, योग में एमए इन योगा, पीजी डिप्लोमा इन योगा, बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स, फार्मेसी में डी फार्म, बी फार्म, लॉ में एलएलबी, एलएलएम, इंजिनियरिंग जैसे व्यवसायिक कोर्सों की पढ़ाई कराई जाती है। साथ ही कई विषयों में भी पीएचडी कराई जाती है।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में इन कमिटी का अहम रहा योगदान**

कार्यक्रम को सफल बनाने में कस्तूरी 2025 के कोर कमिटी हेड सीमा गुप्ता, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रितेश लाल, डॉ विनय पंजियार, सबीता कुमारी, रविकांत कुमार, कोमल पल्लवी भेंगरा, सबा परवीन, आमंत्रण कमिटी हेड डॉ आलोक राय, राहुल रजवार, हिमांशु चौधरी, अनुशासन कमिटी हेड उदय रंजन, विजय कुमार, एसएनके उपाध्याय, आदित्य कुमार, दशरथ सिंह नाग, डॉ आरसी राणा, डॉ राजेश रंजन, डॉ आलोक कुमार, राज तिवारी, राहुल रजवार, संजय दांगी, विजय लाल, आसित प्रधान, विशाखा बाला, आशा गुप्ता, मुन्ना कुमार, वीरेंद्र कुमार, अभिमन्यु पांडे, राजीव रंजन, धीरज कुमार, रिचा, रोहित लाल, बबलू कुमार चौधरी, नागेश्वरी कुमारी, गीता कुमारी, ओम प्रकाश दास, संतोष कुमार रविदास, डॉ बचनदेव राय, बिरेंद्र कुमार रोशन कुमार सिंह, पूजा भारती, मुकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, प्रियंका कुमारी, अर्जुन राणा, हर्ष राज, राजेश रंजन, सत्यार्थी ज्ञान प्रसाद, गौरी प्रिया, संजना कुमारी, कुंवरजीत कुमार, रेखा कुमारी, डॉ जयदीप सान्याल, प्रभात किरण, डॉ सच्चिदानंद बेहरा, डॉ सुमन चंद्र, कार्यक्रम प्रबंधन कमेटी हेड अमित कुमार, तबरेज खान, नीतीश कुमार, राज शर्मा, सुशांत कुमार, राजेश कुमार, राजीव रंजन, सौरभ सरकार, ललित मालवीय, रिफ्रेशमेंट समिति हेड डॉ एसपी विश्वकर्मा, सौरभ सरकार, अनिल राणा, चांदनी कुमारी, मीना राणा, सर्टिफिकेट वितरण एवं स्टेज कमेटी हेड रविकांत कुमार, सबीता कुमारी, फरहीन सिद्दीकी, पवन कुमार, मानसी प्रधान, दीपशिखा, सृष्टि सिन्हा, ट्रांसपोर्ट समिति हेड डॉ अजय बर्नवाल, यशवंत कुमार, राहुल कुमार, प्रभात कुमार, स्वागत कमेटी हेड नेहा सिन्हा, गौरी प्रिया, सरिता टुडू, प्रीति वर्मा, सोशल मीडिया समिति हेड मो शमीम अहमद, सुशांत कुमार, राजेश कुमार संजय कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वित्त मंत्री ने संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों से की बात, सही करियर का चुनाव कर समाज हित में काम करने के लिए किया प्रेरित

### मानवता का पाठ पढ़कर सहिष्णुता का सुगंध बिखेरेंगे संत मरियम के बच्चे - राधा कृष्ण किशोर

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी और वित्तीय प्रबंधन विषय को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में संस्कारशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विशिष्ट अतिथि एन. पी. यू. अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आर. के. सिन्हा, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री किशोर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी राजनेता को सुनने के लिए बच्चे देर रात तक उत्सुकता से जागेंगे, यह मैंने कल्पना भी नहीं की थी। मैं काफी प्रसन्न हूँ संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों से मिलकर, जिस तरह से संत मरियम



परिवार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से अध्ययन करने आए छात्र-छात्राओं को अपने स्नेह एवं समर्पण के सूत्र में बाँधकर संयम, धैर्य, त्याग व समर्पण के साथ-साथ सदाशयता एवं मानवता का पाठ पढ़ा रही है, वह सराहनीय है। यही बच्चे आने वाले दिनों में पूरे देश भर में सहिष्णुता की सुगंध बिखेरेंगे। आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस परिसर में बच्चों के मन की मुंडेर पर सपनों का दीपक जल रहा है, उस प्रकाश को मैं अनुभव कर पा रहा हूँ। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में यहाँ के बच्चे अपने हौसलों की पंखुड़ियों से जिले व राज्य को गौरवान्वित करेंगे। श्री किशोर ने बच्चों को वित्तीय प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें भी बताई। साथ ही, सही करियर का चुनाव कर समाज हित में काम करने के लिए बच्चों को प्रेरित भी किया, वहीं प्रोफ़ेसर डॉ. सिन्हा ने वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विशेष जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों के लिए टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे विषय महत्वपूर्ण तो हैं ही, लेकिन साथ ही वित्तीय प्रबंधन की जानकारी भी अभी से ही उन्हें सीखनी चाहिए, ताकि आने वाले वक्त में वे अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझकर सकुशल जीवन व्यतीत कर सकें। आयोजित कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन व राणा अरुण सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया और बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

उक्त मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने मंत्री श्री किशोर व अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। माननीय मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संत मरियम परिवार के लिए यह गौरव का पल है। विद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों को संबोधित करने हेतु इस परिसर में झारखंड सरकार के मंत्री का पधारना वंदनीय है। आगे उन्होंने कहा कि माननीय मंत्री का आज का यह क्षण विद्यालय परिवार सदैव याद रखेगा। इनके द्वारा कही गई प्रेरक बातें बच्चों के लिए लाभप्रद हैं। माननीय मंत्री जी का राजनीतिक जीवन, वक्तव्य, विचार एवं मार्गदर्शन विद्यार्थियों व युवा पीढ़ी के साथ-साथ हम जैसे लोगों के लिए भी अनुकरणीय हैं। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, प्रवीण दुबे, रोशन राज समेत कई अन्य शिक्षक, कर्मचारी व सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घनश्याम गोप जी के निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है : केशव महतो कमलेश



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जाने माने समाजसेवी घनश्याम गोप जी के निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपना शोक संदेश में कहा कि घनश्याम गोप जी प्रखर समाजसेवी थे। वे पाचू गोप सेवा संस्थान, राधा कृष्ण मारवाड़ी सेवा संस्थान अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता संघ के अध्यक्ष रहे। वे मृदभाषी, मिलनसार और दयालु प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे।
शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर संजय कुमार ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, सदरूल होदा, खलील अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी शामिल हैं।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना ने टस्कर अवार्ड 2025 में तीन पुरस्कार जीता




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**
**बड़कागांव।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने टस्कर अवार्ड्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को और सशक्त किया है। सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रभाव फिल्म - इस श्रेणी में पीबी- सीएमपी को सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रभावशाली फिल्म के लिए स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया, जो स्थानीय समुदायों की भागीदारी और परिवर्तनशील पहल को रेखांकित करता है।ग्रामीण खेल आउटरीच-ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं युवाओं को प्रेरित करने के लिए की गई। पहलों के लिए परियोजना को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में पीबी-सीएमपी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।शैक्षणिक उत्कृष्टता - खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान, विशेषकर वंचित वर्गों के बच्चों के लिए चलाए गए कार्यक्रमों को मान्यता देते हुए रजत पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** करनी रोड में बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान लोरम गांव के धमन भुइयां के रूप में किया गया है। वही दूसरा सीधा टक्कर मारने वाला बाइक चालक को हल्की-फुल्की चोटे आए। वह घटना के बाद भाग गया। राहगीरों ने घायल को इटखोरी अस्पताल में भर्ती करवाई। जहां चिकित्सकों ने हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना रविवार दिन लगभग 1:30 बजे की है।

### पूर्व मंत्री के नेतृत्व में चलाया जाएगा राष्ट्रीय एकता अभियान



झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री के एन त्रिपाठी अब देश भर में राष्ट्रीय एकता अभियान चलाने जा रहे हैं यह अभियान मगध फाउंडेशन के अंतर्गत आज दिनांक 18-5-2025 को गठित संपूर्ण भारत सुरक्षा मंच के तहत देश भर के सभी राज्य व जिलों में चलाया जाएगा। मगध कालीन भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे मगध फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा है कि उनके राजनीति में होने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के अभियान में रुकावट आने की स्थिति में वह देश हित के लिए राजनीति भी छोड़ सकते है। गौरतलब है कि श्री त्रिपाठी झारखंड के कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार किए जाते है और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर भी उनकी ठीक ठाक पकड़ है। कृष्णानंद त्रिपाठी ने भारत और पाक की हालिया लड़ाई के दौरान की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि देश में विदेश नीति , व्यापार नीति और सुरक्षा नीति की समीक्षा की जानी चाहिए। भारत कभी भी चीन जैसे देशों के गैरजरूरी सामान का बाजार नहीं बन सकता क्योंकि ऐसे देश हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ देता है। इसके साथ ही श्री त्रिपाठी ने यह भी सवाल उठाया कि विदेश मंत्री ने एयर स्ट्राइक के बाद आखिर किस माध्यम से पाकिस्तान को संदेश दिया है। देश को यह जानने का पूरा अधिकार है।

# द विजन पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता और शिक्षक-अभिभावक मीटिंग का हुआ आयोजन


**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** द विजन पब्लिक स्कूल में दिन शनिवार को वर्ग 6 से वर्ग 10 के छात्रों के बीच विभिन्न विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और लेखन कौशल का प्रदर्शन किया।छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और लेखन कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपने निबंधों में अद्वितीय दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत किए।विद्यालय प्रबंधक निदेशक श्री नीरज सिन्हा ने बच्चों के प्रतिभा का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जो भी विद्यार्थी अपने-अपने वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे उन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा ?1000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। बेहतर करने वाले विद्यार्थियों



को सोमवार को होने वाले मॉर्निंग असेंबली में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विद्यालय परिसर में आयोजित शिक्षक-अभिभावक मीटिंग में छात्रों की प्रगति और उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर चर्चा की गई। इस मीटिंग में अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर छात्रों के लिए बेहतर भविष्य की योजना बनाने पर चर्चा की। तथा विद्यार्थियों को घर पर रहते हुए शिक्षण संबंधी समस्याओं तथा उसके निवारण के उपायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि यह शिक्षक अभिभावक मीटिंग हमारे छात्रों के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।अभिभावक-शिक्षक मीटिंग ने शिक्षा और सामूहिक प्रयास के महत्व को उजागर करता है। इस आयोजन में शिक्षकों और अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों को साझा किया। अभिभावक-शिक्षक मीटिंग में अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की प्रगति पर चर्चा की। इस मीटिंग में छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन और उनके व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर छात्रों के लिए बेहतर भविष्य की योजना बनाने पर भी चर्चा की।

### नौडीहा जमीन सुधार कर झारभूमि पोर्टल पर चढ़ाने की मांग एसडीओ को दिया लिखित आवेदन

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- पप्पू यादव**
**नौडीहा बाजार,पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के पंचायत नावाटाड़ के कंचन विश्वकर्मा पिता स्व, ज्योति प्रकाश विश्वकर्मा ने 14 माई को छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी का लिखित आवेदन देकर मांग पंछी 2 में नाम सुधार एवं जमीन झारभूमि पोर्टल पर चढ़ने को लेकर लिखित आवेदन सुधार करने की मांग की है लिखित आवेदन में मौजा नावाटाड के अंतर्गत



जागेश्वर मिस्त्री पिता स्व, ईशर मिस्त्री के नाम से खाता _7, 127 प्लॉट संख्या 174 रकबा 0.03/4/5 ए0 प्लॉट संख्या 175 रकबा 0.01 ए0 प्लॉट संख्या 200 रकबा 0,02 प्लॉट 201 रकबा 0,03/2/5 ए 0 कुल रकबा 0,10/1/5 ए0 क्रय भूमि है। परंतु 201 में जिसमें अन्य एक रैयत का नाम जगदीश लोहार नाम जोड़ दिया गया है नाम हटाने को लेकर नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय में पूर्व में आवेदन देने के बाद अंचला अधिकारी संज्ञान लेते हुए रामनारायण खलखो ने दोनों पक्षों को नोटिस कर अपने-अपने मूल दस्तावेज के साथ 31 मार्च अंचल कार्यालय में बुलाया था श्री खलखो ने भूमिका मांग इनके पिता वगैरह के नाम से जमाबंदी चल रहा था जिसे विपक्षी के द्वारा खाता 7 प्लॉट 174 ,75 में रकबा 0,03 ए0 भूमि का मांग मेरे जमाबंदी से घटा कर अलग जमाबंदी नेट पर कायम कर दिया गया है। कंचन विश्वकर्मा ने कहा कि खतीयानी भूमि खाता 7 ,76,127, का ऑनलाइन दर्ज मांग पंजी 2 में पेज नंबर 122/11 को झारभूमि के पोर्टल पर मांगधारी के नाम से चढ़ाया नहीं जा रहा है कंचन विश्वकर्मा ने आवेदन देते हुए जमीन चढ़ाने की गुहार लगाई हैं।

### छोटी सी वहा चलने से एक विशाल बरगद का पेड़ गिर गया, जिस से रोड हुआ जाम

**आदिवासी एक्सप्रेस/ संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी नगवां मोड़ के पास रोड किनारे एक विशाल बरगद का पेड़ हल्की हवा में गिर गया। यह पेड़ धीरे-धीरे 30 सेकंड में रोड पर गिरा। जिसके कारण राहगीरों की जान बच गई। घटना रविवार दोपहर 2:30 बजे की है। घटना के बाद रोड के दोनों साइड वाहनों की लंबी कतार लग गई। ढाई घंटे बाद ग्रामीणों ने पेड़ के टहनियों को रोड से हटाए। तभी आवागमन शुरू हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 6 मई को ही यह पेड़ मिट्टी से जड़ छोड़ दिया था। आज हल्की हवा में रोड पर गिर गया। इस दुर्घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इधर टूरिस्ट कांप्लेक्स के पास भी एक पेड़ रोड किनारे गिरा पड़ा हुआ है। उसके वजह से कभी भी रोड दुर्घटना हो हो सकता है।

# नौडीहा बाजार अंचल और ब्लॉक के सरकारी आवास में ही रहे कर्मचारी: वित्त मंत्री

- नौडीहा बीपीओ के मनरेगा योजना में कार्यशैली में अनियमित को देखते हुए मंत्री ने डीडीसी को हटाने का दिया आदेश
- अंचलाधिकारी अपने कार्यों में लाए सुधार.. आंचल के कार्यों से ग्रामीण संतुष्ट नहीं है मंत्री

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- पप्पू यादव**
**नौडीहा बाजार, पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त साबिर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सज्जाद अहमद, अवर सचिव ग्रामीण विकास विभाग भू अर्जुन विभाग के निर्देश भोर सिंह यादव, डीआरडीए डायरेक्टर पलामू, नौडीहा प्रमुख रेशमी कुमारी, बीडीओ सह सीओ



रामनारायण खलखो, उपस्थित थे समीक्षा बैठक में नौडीहा प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक करने का मतलब है जरूरतमंद लोगों को उचित न्याय देना है इस कार्य के लिए आप सभी कर्मियों का सहयोग जरूरी है। समीक्षा बैठक में आंचल से संबंधित कार्य में प्रगति लाने, एवं मनरेगा योजना के कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही है। ताकि गरीब से गरीब तब्दे के लोगों को मुख्यमंत्री हेमंत सरकार के महत्वपूर्ण आकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। सीओ रामनारायण खलखो ने आंचल में राजस्व कर्मचारी की कमी होने की बात कही इस पर वित्त मंत्री ने जमीन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का कहा.. आंचल व ब्लॉक के संबंध मिले आवेदनों को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो को त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# भूमि अधिग्रहण 2013 को लेकर चंद्रगुप्त क्षेत्र के रैयतों ने पचड़ा के शिव मंदिर में बैठक की इस बैठक में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव हुए शामिल

### सीसीएल के चंद्रगुप्त रैयतों को 2013 के आधार पर मिलेगा अब मुआवजा नहीं भटकेंगे रैयत

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**
**टंडवा- (चतरा)** भूमि अधिग्रहण 2013 को लेकर चंद्रगुप्त क्षेत्र के रैयतों ने पचड़ा के शिव मंदिर में रविवार 18 मई 2025 को बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कृष्ण मोहन लाल राणा, व संचालन तन्नू कुमार ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित हुए श्री साव ने कहा कि हम लोग कानून के आधार पर चलने वाले हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने रैयतों की हक में सुनाया फैसला। श्री साव ने यह भी कहा कि मुआवजा तय करने के लिए कमिश्नर हो या डीसी हो रैयतों की बैठक में आने के बाद ही तय किया जाएगा हम रैयतों ने अब भटकने का काम नहीं करेंगे। रिट याचिकाकर्ताओं



ने ये रिट आवेदन दायर किए था ताकि प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वर्तमान बाजार मूल्य पर मुआवजे का भुगतान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जा सकें (1) चट्टीबर्तियातु, (2) जोरदाग (3) नवाखाप (4) पचड़ा (5) सिझुआ, (6) उर्सू और (7) बुकरू गांवों के भूमि याचिकाकर्ताओं को उनकी भूमि में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा इसके उपयोग के लिए कोयला खनन के प्रयोजनों के लिए अधिग्रहित की गई है, साथ ही प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 और झारखंड भूमि अधिग्रहण नियम, 2015 के अंतर्गत दर पर रैयतों के लिए घर, जमीन (कृषि या आवासीय) और अन्य स्थिरता का मूल्यांकन निर्धारित करने के लिए एक और निर्देश दिया गया है। बताते चले कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वर्तमान स्थिति को देखते हुए नये दरों से मुआवजा तय कर दिया जायेगा। प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ताओं ने जवाबी हलफनामा दायर किया है और स्वीकार किया है कि यदि याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे और नया दावा दायर करेंगे, तो उनके दावे पर भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 और झारखंड भूमि अधिग्रहण नियम, 2015 के आलोक में विचार किया जाएगा। इस बैठक लक्ष्मण साव, बालेश्वर पासवान, सिकेन्द्र कुमार, जगन साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार महतो, कृष्ण मोहन लाल राणा, तन्नू कुमार, बिहारी पासवान, संजय पासवान, खियाली कुमार, भदेश्वर साव, मोहम्मद रियाज अंसारी, डॉक्टर आर एस पाण्डेय, प्रभू नाथ यादव, फुनेश्वर महतो, अजय राणा, नारायण साव, अजय साव, रघू साव, युगल राणा, भोला राणा, कृष्ण यादव, दसनी देवी, पुष्पा देवी, के अलावे सैंकड़ों की संख्या में भू-रैयत उपस्थित थे।

# बीडीओ संजय कुमार ने विकास से संबंधित संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक कर दिये कई निर्देश

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** शनिवार को प्रखण्ड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 20 मई 2025 को सभी मध्याहन भोजन संचालित विद्यालय में संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा शिक्षकों को सहयोग कर तिथि भोजन आयोजित करेंगे एवं बच्चों को विशेष भोजन उपलब्ध कराएंगे और जिन बच्चों का माह मई 2025 मे जन्मदिन है उन बच्चों से केक कटिंग कराएंगे है साथ ही बलून आदि से साज - सज्जा कराना करते हुए तिथि भोजन से संबंधित फोटो और वीडियो पंचायती राज लिट्टीपाड़ा व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे। पंचायत वार एवं सभी संकुलवार विहित प्रपत्र में तिथि भोजन से संबंधित प्रतिवेदन संबंधित तिथि को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त, महोदय, पाकुड के निदेशानुसार सभी पंचायत सचिव पंचायत भवनों का मेरी एप में फोटो निश्चित रूप से इंस्टाल कराने का निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि डी0एम0एफ0टी ग्राम सभा में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, स्थानीय नेताओं के द्वारा उपलब्ध कराई गई योजनाओं की सूची ग्राम सभा में दर्ज आवश्यक रूप से करा लेंगे। वहीं मनरेगा के तहत उपायुक्त, महोदय के द्वारा महतवपूर्ण दिशा निर्देश के आलोक में सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, क0अभि0, सहा0 अभियंता को निर्देश देते हुए कहा गया कि मनरेगा योजना में बीएचजीवाई 2025-26 में गड्ढा खुदाई, अबुआ आवास में एमआर निर्गत करने , विभिन्न योजनाओं में उत्पन्न एमआर एवं पीडी जनरेशन, एरिया ऑफिसर ऐप, डोभा योजना, बिरसा सिंचाई कुआं पूर्णता, शून्य उपस्थिति एमआर, मनरेगा में डिमांड के एवज में योजनाओं में ससमय मजदूरी भुगतान करने के आदेश दिये गये वहीं डोभा योजना, बिरसा सिंचाई कुआं पूर्णता, शून्य उपस्थिति एमआर, फोटो हो खेल विकास, आंगनवाड़ी केंद्र की पूर्णता, एनएमएमएस, पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने और एबीपीएस कराने के आदेश दिये गये।

इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक चंद्र दास, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, प्रभारी प्रखंड कल्याण / कृषि पदाधिकारी के. सी. दास, सहायक अभियंता साइमन हेम्ब्रम कनीय अभियंता विजय रविदास सहित सभी ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 वें वित्त से जिलेभर के गांवों में ग्रामीणों को टैंकर के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराया गया




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** तपती धूप और भीषण गर्मी में गले का सुखना और देह से पसीना निकलता लाजमी है। गांवों में पेयजलापूर्ति की समस्या को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार लगातार मॉनिटरिंग कर जिले के पाकुड़ प्रखंड के संग्रामपुर ग्राम एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरचीर पंचायत के पुसरभीटा सहित अन्य ग्रामों में ग्रामीणों को टैंकर के माध्यम से जरूरतमंद को पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखी जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार 15 वें वित्त आयोग योजना से जिला प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर उपलब्ध है। किसी भी पंचायत या ग्राम के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव या मुखिया से सम्पर्क करें, पेयजल उपलब्ध कराई जायगी।

### मच्छर के बढ़ते प्रकोप को लेकर नगर परिषद ने वार्डों में कराई फॉगिंग



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** शहर के विभिन्न वार्डों में बढ़ते मच्छर का प्रकोप को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में शुक्रवार देर रात को फॉगिंग किया गया। इससे शहरी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप घटेगी।
प्रशासक, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि पानी पड़ने के बाद मच्छर बढ़ा है और उसके काटने से बीमारी भी फैल रहा है। इसे देखते हुए शुक्रवार से नगर परिषद की ओर से फागिंग मशीन से मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। फॉगिंग नगर परिषद के सभी वार्डों में किया जाएगा। साफ-सफाई सहित दवा के छिड़काव शुरू होने से मच्छरों के आतंक से नगरवासियों को राहत मिलेगी।

### हरियाणा की एक किशोरी के साथ मारपीट



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोड़ाबाड़ी हाट परिसर में रविवार को हरियाणा की एक किशोरी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इसके बाद युवती को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल किशोरी हरियाणा के बलजीत बोरी की पुत्री सकीना उम्र 11 वर्ष है। परिजनों ने बताया कि एक मिथुन नामक युवक ने किशोरी के साथ मारपीट किया है। हरियाणा की महिलाएं यहां लेडीज बैग बेचने आयी हैं। उन लोगों ने बताया कि मिथुन ने गाली-गलौज और तोड़फोड़ भी की। वही पीड़ित ने जिरवाबाड़ी में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### चोरी के मामले पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाई

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाकुडी के एक घर में हुई चोरी के मामले पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाई। जानकारी के अनुसार बीते 12 मई 2025 की रात्रि बाकुडी के संजीव कुमार गुप्ता के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे 100 चांदी के सिक्के, तीन चांदी के प्लेट, चार चांदी का कटोरा, 25 हजार रुपए और घर के जमीन का दस्तावेज चोरी कर ली गई थी। इसको लेकर मकान मालिक ने तीनपहाड़ थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कराया था। इसको लेकर मकान मालिक ने तीनपहाड़ थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कराया था। वहीं इस मामले में तीनपहाड़ पुलिस ने बाकुडी व आसपास के इलाकों में बीते रात्रि छापेमारी कर लगभग 7 से 8 लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाई है। हालांकि थाना पुलिस इस मामले में कुछ भी जानकारी देने से इनकार कर रही है।

### मोबाइल चोरी के मामले में राजस्थान के जयपुर जीआरपी रेल थाना पुलिस पहुंची तीनपहाड़

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल चोरी के मामले में राजस्थान के जयपुर जीआरपी रेल थाना पुलिस पहुंची तीनपहाड़। जहां तीनपहाड़ थाना पुलिस की मदद से थाना क्षेत्र के बाबूपुर निवासी राहुल कुमार का न्यालय द्वारा निर्गत वारंट तामिला किया गया। इस संदर्भ में जयपुर जीआरपी रेल पुलिस के हेड कांस्टेबल राम स्वरूप ने बताया कि जयपुर जीआरपी थाने में मोबाइल चोरी मामले में केस दर्ज हुआ था, इस मामले में वारंट तामिला किया गया।

# आगामी 30 जून को प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ में आयोजित हुल दिवस की तैयारी को लेकिन कारुडीह में सिद्धों कान्हु मुर्मू आदिवासी एभेन बैसी की हुई बैठक सह जागरुकता अभियान

**रामगढ़ /रामजी साह।**



रामगढ़ प्रखंड के कारूडीह पंचायत अंतर्गत कारुडीह चिड़िया टोला में बहुद्देशीय सिदो कान्हु मुर्मू आदिवासी एभेन बैसी की एक बैठक हुई। इस बैठक में संगठन के प्रखंड सचिव श्री बिहारी हांसदा ने सिदो कान्हु, चांद भैरव, फूलों झानो आदि के बलिदान के बारे में विस्तार से लोगों को बताया तथा 30 जून 1855 का दिन क्यों मनाया जाता है इसकी जानकारी लोगों को दिया गया। इसी हुल का परिणाम संथाल परगना काश्त कारी अधिनियम बनाया गया। रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय में एक ऐतिहासिक हुल दिवस मनाया जाना है। शामिल होने वालों में काफी उत्सुकता देखा जा रहा है।
इस बैठक में मंगल सोरेन, बिहारी हांसदा, सुलेमान हांसदा, सुरुज मुनी सोरेन, श्रीमति टुडू, स्नेहा हेम्ब्रम, लीलमुनी टुडू, मरांगमय मुर्मू, तालकोय किस्कू, मेरी मुर्मू, चम्पामुनी हेम्ब्रम, संत मेरी हांसदा, संझली किस्कू, मंझली किस्कू सहित शामिल थे।

## रामगढ़ के केनखेपडा में शराब के नशे में कुएं में गिरकर एक 60 बर्षिय शराबी की मौत

**रामजी साह।**



रामगढ़ थाना क्षेत्र के कांजवे पंचायत के केनखपडा गांव के बाहर ग्रामीणों की सुचना पर पुलिस ने एक गहरे कुएं से 62 बर्षिय वृद्ध व्यक्ति के शव को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा है।मृतक का नाम गुलु मरांडी पिता स्व दो-दो मरांडी ग्राम केनखपडा थाना रामगढ़ का रहने वाला बताया जाता है।थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मृतक शराब के नशे में होने के कारण कुप में गिरने से मौत हो गया है। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## दर बदर भटक रही जमुआ की एक महिला पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



**पालोजोरी -** पालोजोरी प्रखंड अंतर्गत जमुआ पंचायत के जमुआ गांव निवासी सुगिया कुमारी पिता स्वर्गीय माधो दास पीछले दिनों अपने ही पिता के संपत्ति यानी उनके घर से दर बदर भटकने पर मजबुर है। बताया जाता है यह मामला पिता के निधन के बाद ही इस तरह की रवैया मेरे साथ मेरे मेरी सगी भाभी के द्वारा प्रताड़ित कर घर बाहर निकाले जाने पर मजबुर कर दी गई। जबकि हमलोग एक भाई दो बहनें हैं जिसके बाबजूद पिता के रहने तत्पश्चात हमें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं थी। वहीं इस विषय पर सुगिया कुमारी ने कहा कि मेरे पिता जी चित्रा ईसीएल के कर्मी थे। उनकी आकस्मिक निधन हो जाने के तत्पश्चात मेरे भाई संजय दास की उनकी जगह पर नौकरी की पदोन्नति दी गई। जिस कारण कुछ वर्षों तक ठीक ठाक रहने के बाद मेरे भाई संजय दास की किसी कारण वश मृत्यु हो जाती हैं। वहीं अपने माता-पिता व भाई के जाने के गम में अपनी बड़ी बहन के यहां रहने लगी। इसी बीच मेरी भाभी चांदनी देवी मेरे भाई वाले ईसीएल की नौकरी अपने नाम कर ईसीएल प्रबंधन परिवार में और सदस्यों की होने वगैर सूचना के ही कार्यरत हैं। जो कि कहीं ना कहीं शक व संदेह पैदा करने वाली बात देखी जा रही है। जिस कारण आज में अपने ही घर से बेघर दर बदर भटकने को मजबुर हूं। वहीं मेरी भाभी चांदनी देवी ने हमें जान से मारकर फेंक देने की भी बात कही है।जिसकी सूचना मेंने चित्रा थाना एवं ईसीएल प्रबंधन को भी इसकी जानकारी दी गई है। वहीं सुगिया कुमारी का कहना है कि सरकार हमारी उचित न्याय करें में अत्यंत गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हूं।

## जिले में पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण 19 से

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** पशुओं में होनेवाले खुरहा एवं मुंहपका रोग (FMD) एवं लंपी स्कीम डिजीज (LSD) से बचाव हेतु केंद्रीय योजना LH&DCP के तहत जिले में दिनांक 19 मई से निःशुल्क टीकाकरण अभियान पशुपालन विभाग के द्वारा चलाया जाएगा। जिसमें विभाग के अधिकृत टीकाकर्मी पशुपालकों के घर घर जाकर उनके गाय एवं भैंस जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करेंगे एवं इसकी प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर की जाएगी। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा ने जिले के पशुपालकों से अपील किया है कि अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं एवं टीकाकर्मियों को पशुओं से संबंधित सही जानकारी दें।

# दिन के उजाले में हो रही बालू की अवैध कालाबाजारी

**वगैर चालान के ही सरपट दौड़ लगा रही हैं बालू की अवैध गाड़ियां**

**आदिवासी एक्सप्रेस/देवघर**
**कृष्णा गोस्वामी**



जिलें के सारठ सारवॉ, पालोजोरी, देवीपुर, मोहनपुर के अलावा अन्य प्रखंडों तक प्रतिदिन ओवरलोडिंग ट्रैक्टरों द्वारा क्षेत्र के प्रमुख नदियां जैसे अजय,मयुराक्षी,शिला एवं अन्य नदियों से प्रतिदिन सैकड़ों अवैध वगैर चालान के ही बालू खनन कर उठाव की जा रही है।जिसको लेकर शासन प्रशासन के अलावा संबंधित अधिकारी भी गहरी नींद में सो रहे हैं। जिससे आयें दिन हज़ारों टन बालू की अवैध रूप से बालू माफिया द्वारा बालू की खनन कर राजस्व की स्वामित्व के साथ खिलवाड़ की जा रही है। जबकि वहीं बालू माफिया द्वारा दिन रात ट्रैक्टरों द्वारा बालू की उगाही कर बाज़ार भाव में कहे तो प्रति ट्रैक्टर 2500 सौ से लेकर 3000 तक की राशि एक बालू लदे ट्रैक्टर की कीमत अदा की जाती है। जबकि वहीं इस कारोबार में छुटभैएए नेता से लेकर बालू माफिया इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जिले के प्रायः सभी घाटों से इन दिनों ट्रैक्टर चालकों व माफिया द्वारा ग़ैर चलान के ही बालू खनन कर बेपरवाह खुलेआम इस तरह के अंजाम दे रहे। वहीं खनन विभाग इस तरह के कार्य से अपने को अनभिज्ञ बता रहे हैं। जबकि आमलोगों का कहना है कि प्रशासन इस बात को लेकर कभी गंभीरता पूर्वक नहीं लेने के बजाय आज बालू माफियाओं का मनोबल दिन पअ दिन बढ़ता ही जा रहा हैं। साथ ही इन बालू माफियाओं के कारण सरकार को राजस्व का काफी ख़ासा नुकसान देखने को मिल रहा है।

# श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था का केंद्र बना है पचुवाड़ा (रांगा टोला) का सिंहवाहिनी मंदिर

- **सिंहवाहिनी मंदिर की है, प्राचीन कथा**
- **आस्था-श्रावण मास में विशेष पूजा अर्चना व अनुष्ठान का होता है आयोजन**

**सौरभ भगत**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के पैनम कोल माइंस रोड स्थित पचुवाड़ा (रांगा टोला) गांव के समीप मां सिंहवाहिनी की मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। इस मंदिर में श्रावण मास में विशेष पूजा व अनुष्ठान का आयोजन होता है।मंदिर की ईश्वरीय शक्ति व आस-पास प्राकृतिक छटाओं के कारण यहां पर दूर-दराज के श्रद्धालु पूजा करने तथा शीश झुकाने आते हैं। मां सिंहवाहिनी मंदिर की छटाओं की बात करें तो दक्षिण दिशा में बांसलोई नदी व मंदिर प्रांगण में पीपल, जामुन, शेमर, बरगद, नीम,कुरूम,छतिन के पेड़ों की विशालता व शीतलता से अद्भुत अहसास होता है,जो अशांत व व्याकुल मन को शांति व भक्ति भाव में विभोर कर देता है।मंदिर परिसर में शंकर भगवान,काली मैया, सिंहवाहिनी मैया,मां दुर्गा,बजरंगबली व भैरवनाथ की भी पूजा अर्चना होती है।मान्यता यह है कि यहां पर वर्षों पूर्व एक कुआं हुआ करता था। कुआं से एक शेमर का पेड़ निकला जिससे देवी मां प्रकट हुई,देवी के प्रकट होने के बाद देवी ने पहाड़िया राजा को स्वप्न में दर्शन दिए थे।जिसके बाद से ही यहां पर देवी की पूजा अर्चना शुरू कर दी गई थी।कहा जाता है कि पूजा के बाद पहाड़िया राजा ने अपने राजकुमार का विवाह किया था.इसके बाद राजा के पुत्र की मृत्यु हो गई थी। वही शोक में पत्नी भी अपने पति के शव के साथ सती हो गई.शोक में डूबे रहने के कारण राजा ने अपना निवास स्थल महेशपुर के राज बाड़ी में बना लिया।शेमर का पेड़ मंदिर परिसर में आज भी है,उसके बाद से ही मां की पूजन परंपरा कायम है। यहां के स्थानीय पुजारी अंदू केवट ने बताया कि पहले यहां पूजा मेरे पूर्वज करते थे।उन लोगों के गुजर जाने के बाद यह पूजा हम करते आ रहे हैं।कहा की यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत अवश्य पूरी होती है,और मां सब की इच्छा पूरी करती है।मनोकामना करने वाले की इच्छित कामना पूर्ण होने पर भक्तों द्वारा बकरें की बली भी दी जाती है।पूर्व में मंदिर परिसर में पत्ता मेला भी लगता था।मेला में खासकर आदिवासी भक्त उपवास व नेम निष्ठा के साथ मां सिंहवाहिनी की पूजा आराधना करते थे।

# आजिविका समूह के मदद से तकनीकी खेती कर आत्मनिर्भर बन रही कोनिका दीदी

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखण्ड स्थित सीतारामपुर गांव की कोनिका कोड़ाइन ने सागेन साकाम आजीविका सखी मंडल से जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रही है। कोनिका दीदी 2021 में सखी मंडल से जुड़ी और 10-10 रुपए करके प्रत्येक सप्ताह बचत कर समूह में आगे बढ़ी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत संचालित जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी (JICA) परियोजना से जुड़कर सूक्ष्म टपक सिंचाई यंत्र, बर्मी कंपोस्ट यूनिट और पॉली नर्सरी हाउस प्राप्त की। इनके आगे बढ़ने की ललक देखकर इन्हें रांची में सूक्ष्म टपक सिंचाई के माध्यम से प्रगतिशील किसानों के द्वारा किए जा रहे तकनीकी खेती का एक्सपोजर विजिट सह फील्ड प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिला और वहां से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने 25 डिसमिल जमीन में कलश स्न1 किस्म का तरबूज और DEB 1506 किस्म का खीरा की खेती की जिसकी लागत अबतक 12000 रु हुआ है जिसमें से दीदी ने 8 क्विंटल खीरा 40 रु प्रति kg के दर से और तरबूज़ 9.5 क्विंटल 20 रु प्रति द्मद्द के दर से बेच कर कुल 51,000 रु की आमदनी कर चुकी है। अभी फसल के अंत तक और कुल 30,000 रूपए आमदनी होने की अनुमान लगाई जा रही है।
कोनिका कोड़ाइन दीदी कहती है खेती को विस्तार करते हुए अब सूक्ष्म टपक सिंचाई से 50 डेसिमल प्लॉट में मिर्च की खेती करने की योजना बनाई है। कोनिका दीदी समूह से जुड़ने के पूर्व गृहणी थी। समूह में जुड़ने के बाद तकनीकी खेती कर अच्छी आमदनी कर रही है। साथ ही अपने परिवार का भरण पोषण भी कर रही है और अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाने की योजना बना रही है। अपने संवरते जीवन से दीदी काफ़ी खुश है दूसरे दीदियों को इस नए तकनीकी से खेती करने के लिए प्रेरित कर रही है।



# बाल अधिकार संरक्षण पर उपायुक्त ने की अधिकारियों से समीक्षा

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



उपायुक्त ने बाल अधिकार संरक्षण सुदृढ़ करने हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों, बीडीओ, बीईईओ, एडीपीओ, सीआरपी, वीआरपी, शिक्षक एवं मुखिया के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि रुआर कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति करना सुनिश्चित किया जाए। जिले में कोई भी 06 से 14 वर्ष तक का बच्चा श्रम करता हुआ नहीं पाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित कोई भी बच्चा नहीं होना चाहिए और इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने जिला स्तर पर बाल श्रम के रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के लिए कहा और होटलों, ढाबों और ईट भट्ठों में जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में फिर स्कूल चले हम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी मुखिया को कहा कि अपने अपने पंचायत के सभी बच्चों को विद्यालय भेजना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी स्कूलों में शुगर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। स्कूलों में बोर्ड बताएगा कि बच्चों ने दिन भर में क्या-क्या खाया है। बच्चों को जंक फूड नहीं खाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

# राष्ट्रपति के 14 सवालों का सच: संवैधानिक नैतिकता का पतन

## >> विचार

> “ जब सुप्रीम कोर्ट ने यथाशीघ्र का मतलब बताया है तो राष्ट्रपति के जरिये कोर्ट से 14 सवाल किये जाते हैं. बाबा साहेब ने 4 नवम्बर, 1948 को संविधान सभा में ब्रिटिश इतिहासकार जॉर्ज ग्रोट को उधृत करते हुए भारतीय समाज के और गवर्नेंस में लगे लोगों के लिए "संवैधानिक मर्यादा" का सिद्धांत प्रतिपादित किया था. ग्रोट के अनुसार किसी सरकार के लिए जो शांति और स्वायत्तता की पोषक हो, संवैधानिक नैतिकता का पालन अपरिहार्य है, बाबा साहेब ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा था कि हालांकि यह संविधान गवर्नेंस के व्यापक डिटेल्स देने में कुछ ज्यादा बड़ा हो गया है।

**एन.के. सिंह**

भारत में संवैधानिक नैतिकता का क्षरण अपने चरम पर है। विधेयकों पर राज्यपालों की देरी से लेकर सुप्रीम कोर्ट के समयसीमा संबंधी फैसले और राष्ट्रपति द्वारा उसे चुनौती देने वाले 14 सवाल तो यही बता रहे हैं।जनता दल (यू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शासित और "अविकास" और बदहाल गवर्नेंस के लिए कुख्यात बिहार के "महामहिम" को अब सब कुछ ठीक लग रहा है लेकिन वही जब गुड गवर्नेंस के लिए देश भर में विख्यात गैर-भाजपा शासित केरल के महामहिम थे तो सब कुछ खराब था और वहाँ की सरकार को पद-पग पर उनके अवरोध का सामना करना पड़ता था. भाजपा के एक उपमुख्यमंत्री सेना को "यशस्वी" मोदी के चरणों में गिरा बताते हैं और दूसरा मंत्री सेना की प्रखर प्रवक्ता को लेकर, बकौल हाईकोर्ट "गटर छाप" टिप्पणी करता है तो पूरी पार्टी दोनों को बचाने खड़ी हो जाती है. ये तीनों संवैधानिक पदों पर आसीन हैं और उनमें से एक संविधान की संरक्षण, अभिरक्षण और परिरक्षण की शपथ लिए है जबकि बाकी दोनों "शुद्ध अंतःकरण से" और "राग-द्वेष के बिना" की. क्या इन वोट के याचक रहनुमाओं ने गवर्नेंस में संवैधानिक मर्यादा की पालन की अपरिहार्य पूर्वशर्तों में से एक भी पूरी की है?



संविधान राज्यपाल को राज्य विधायिका द्वारा पारित किसी बिल पर यथाशीघ्र फैसला लेने को कहता है लेकिन अपने "दिल्ली आका" को खुश करने के लिए गैर-भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल इसे शब्द युग्म का मतलब लगते हैं "कोई समय सीमा नहीं" और फिर हर कदम पर अवरोध पैदा करते हैं.लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने यथाशीघ्र का मतलब बताया है तो राष्ट्रपति के जरिये कोर्ट से 14 सवाल किये जाते हैं. बाबा साहेब ने 4 नवम्बर, 1948 को संविधान सभा में ब्रिटिश इतिहासकार जॉर्ज ग्रोट को उधृत करते हुए भारतीय समाज के और गवर्नेंस में लगे लोगों के लिए "संवैधानिक मर्यादा" का सिद्धांत प्रतिपादित किया था. ग्रोट के अनुसार किसी सरकार के लिए जो शांति और स्वायत्तता की पोषक हो, संवैधानिक नैतिकता का पालन अपरिहार्य है, बाबा साहेब ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा था कि हालांकि यह संविधान गवर्नेंस के व्यापक डिटेल्स देने में कुछ ज्यादा बड़ा हो गया है लेकिन इन डिटेल्स को कालांतर में सारहीन मान कर कम किया जा सकता है तब जबकि भारतीय "संवैधानिकत्व की संस्कृति" (कल्चरल ऑफ़ कानस्टिच्युशनलिज्म) को पूर्णतः अंगीकार कर लें. "भारत में फिलहाल संवैधानिक नैतिकता एक राष्ट्रीय भावना नहीं है. इसे पैदा (कल्टीवेट) करना पडेगा क्योंकि प्रजातंत्र भारत की जमीन में -जो प्रत्यक्ष रूप से गैर-प्रजातान्त्रिक है, में केवल टॉप ड्रेसिंग (पौधा उगने के बाद पानी देना) हीं है".राज्यपालों, केन्द्रीय और राज्य विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारियों और अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों और नियामक और कानून की रक्षक संस्थाओं जैसे आईटी, ईडी, सीबीआई में बैठे लोगों की हल के कुछ वर्षों के आचरण से क्या बाबा साहेब का उपरोक्त कथन सही नहीं साबित हो रहा है? आखिर क्या वजह है जो राज्यपाल किसी गैर-भाजपा शासन में राज्य की चुनी सरकार के साथ शाश्वत द्वन्द में रहता है वहीँ भाजपा-शासित राज्य में जाने के बाद गलबहियां डाल लेता है? क्या वजह है सदन के बाहर राज्य सभा सभापति सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ किसी राजनीतिक दल के नेता से ज्यादा बोलने लगते हैं. किस "आका" को खुश करने के लिए यह सब किया जाता है? अगर एक ऐसे हीं गैर-भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद में दी अभिव्यक्ति "यथाशीघ्र" का मतलब "कोई समय सीमा नहीं" लगाये और बिल को दुबारा राज्य विधायिका द्वारा भेजे जाने पर संस्तुति की बाध्यता को चकमा देने के लिए "अबकी बार" राष्ट्रपति को भेजे और "राष्ट्रपति" भी उस पर फैसला न लें, तो यह सब तिकड़म (जिसका डर बाबा साहेब जो था क्योंकि हम आदतन गैर-प्रजातान्त्रिक हैं याने संवैधानिक मर्यादा को ठेंगे पर रखते हैं) क्या देश की सबसे बड़ी अदालत देखती रहे? राष्ट्रपति के 14 सवाल :राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143(1) में प्रदत्त शक्तियों के तहत सुप्रीम कोर्ट से 14 बिन्दुओं पर राय माँगी है. चूंकि इस प्रावधान में " कोर्ट राय दे सकती है" लिखा है लिहाज़ा राय देना बाध्यकारी नहीं है. राष्ट्रपति ऐसे किसी भी प्रश्न पर जो लोक-महत्व का है या हो सकता है, देश की सबसे बड़ी कोर्ट से यह राय मांगता (मांगती) है. आज तक 15 बार इस शक्ति का प्रयोग किया गया हालांकि दो बार कोर्ट ने राय नहीं दी. अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढांचा गिरने के बाद पूछा गया प्रश्न था "क्या राम-मंदिर-बाबरी मस्जिद ढांचे पर मस्जिद के पूर्व कोई हिन्दू मंदिर था?". कोर्ट ने राय देने से इनकार करते हुए कहा "यह प्रश्न सिविल सूट में पहले से हीं कोर्ट्स में है लिहाज़ा इस पर फैसले की प्रक्रिया के बगैर राय देना सही नहीं होगा. इस बार भी जिन 14 सवालों को पूछा गया है उनमें से अधिकांश पर कई राज्यों के वाद एससी में लंबित हैं. यह सच है कि मुख्य मुद्दा था तमिलनाडु राज्यपाल द्वारा विधानसभा द्वारा पारित और दुबारा भेजे गए बिल को संस्तुत न करने और फिर राष्ट्रपति के पास भेजने पर एससी की खंड पीठ का फैसला. राष्ट्रपति ने इसे "संविधान का मूलभूत प्रश्न मानते हुए एससी से पूछा है कि क्या खंड पीठ को ऐसे मामले संविधान पीठ भेजने की संस्तुति नहीं करनी चाहिए?". खंड पीठ ने फैसले में अनुच्छेद 142 का हवाला देते हुए न केवल बिल को "पारित माना" बल्कि राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए फैसला करने की समयसीमा तय की और राज्यों को इसके उल्लंघन पर एससी आने को कहा. केंद्र इस आदेश के खिलाफ अपील की जगह राष्ट्रपति के जरिये राय माँगी. यहाँ "संविधान के प्रावधान की व्याख्या का प्रश्न (सब्सटेंशिअल क्वेश्चन ऑफ़ लॉ)" एक अजीब व्यापक पहेली है. नागरिक के सड़क पर चलने के अधिकार से लेकर राज्यपाल का जानबूझ कर बिल पर दस्तखत न करना और केंद्र या राज्य विधायिकाओं का बहुमत के जोर पर बिल पारित करवाना भी संविधान की व्याख्या के दायरे में आता है. महाराष्ट्र में उर्दू को संविधान की नज़रों में मराठी जैसा दर्जा देने का खंड पीठ का फैसला भी संविधान की व्याख्या माना जा सकता है. ऐसे में खंड पीठ का अस्तित्व कैसे रहेगा?

## संपादकीय

### सरकारी तंत्र की नाकामी

हरियाणा में इस वर्ष के शुरुआती तीन महीनों में ही चार हजार एक सौ लोगों के लापता होने की खबर चिंताजनक है। इससे राज्य के सुरक्षा इंतजाम और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठते हैं। एक राज्य में रोजाना औसतन पैंतालीस लोगों का गुम हो जाना और उनका फिर कभी न मिलना एक ऐसी त्रासदी है, जो न केवल सरकारी तंत्र की नाकामी को दर्शाता, बल्कि एक ऐसी जटिल समस्या का सूचक भी है, जो कई स्तरों पर प्रभावित परिवारों और लोगों पर गहरा असर डाल रहा है। गौरतलब है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के गुम हो जाने के अलावा एक हजार से ज्यादा लोगों के अपहरण के मामले भी सामने आए हैं। ये आंकड़े किसी भी जिम्मेदार सरकार को विचलित करने वाले होने चाहिए। यही वजह है कि एक रपट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राज्य की पुलिस को नोटिस जारी कर आठ हफ्ते के भीतर इस मसले पर जवाब मांगा है। आयोग ने सख्त टिप्पणी की है कि ये आंकड़े सार्वजनिक सुरक्षा तंत्र के विफल होने की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं। यह समझना मुश्किल नहीं है कि जो लोग गुम हो जाते हैं, उनके परिवारों को किस गंभीर मानसिक आघात का सामना करना पड़ता होगा। खासकर तब, जब उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उनके जो प्रियजन गुम हो गए, वे जीवित हैं या नहीं। मानवाधिकार आयोग की टिप्पणी बिल्कुल सही है कि यह गहन मानवीय पीड़ा और संकट की स्थिति को दर्शाता है। यह छिपा नहीं है कि लापता हो जाने वाली महिलाएं, बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लोग मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, यौन शोषण, देह व्यापार और अवैध अंग व्यापार जैसी आपराधिक गतिविधियों का शिकार हो जाते हैं। जाहिर है, यह सिर्फ बड़ी संख्या में रोजाना बच्चों, महिलाओं और अन्य लोगों के लापता होने का मामला नहीं, बल्कि इसका सिरा एक व्यापक और संगठित अपराध-तंत्र से जुड़ा दिखता है। विचित्र है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग लापता हो रहे हैं और हरियाणा सरकार और प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई होती नहीं दिखती।

# किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

**– बाबा मायाराम**

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं।उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊबना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है।तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं।पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो।इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊबना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर।सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊहुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मूंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं।उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं।हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं।यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं।उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है।इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।

वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है। महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेडों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है।इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है

# सरकारी फाइलों में ही क्यों दबा है शोर नियंत्रण का फरमान

**जयप्रकाश सिंह**

अस्पताल एवं स्कूल जैसे स्थानों को ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है।इसलिए इनके आसपास किसी भी तरह के शोर को प्रतिबंधित किया जाता है। चिंताजनक तस्वीर यह है कि राजस्थान के 95 फीसदी साइलेंस जोन में ध्वनि प्रदूषण को रोकना संभव नहीं हो पा रहा।विचारणीय तथ्य यह है कि राजस्थान के 36 शहरों में अस्पताल जैसे इलाकों में भी ध्वनि प्रदूषण गर्भस्थ और नवजात शिशुओं की दिल की धड़कनें बढ़ा रहा है।इनमें वाहनों के साथ-साथ डीजे के कानफोडू शोर को बड़ी वजह माना जा रहा है। कुछ समय पहले राज्य सरकार ने वाहनों पर लगे डीजे पर सख्ती से रोक लगा दी थी।कहने को तो रात दस बजे बाद डीजे के इस्तेमाल या तेज गाना बजाने पर रस्मी रोक पहले से ही जारी है। कागजी चेतावनी तो यह भी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर डीजे लगे वाहन व म्यूजिक सिस्टम तक जब्त कर लिए जाएंगे, लेकिन इनका कानफोडू शोर समस्या बना हुआ है। धार्मिक कार्यक्रम हो या फिर कोई मांगलिक मौका, ऐसा लगता है कि आयोजकों ने देर रात तक लोगों का सुख-चैन छीनने की कसम ले रखी है। उससे भी ज्यादा उन जिम्मेदारों ने जिनको सरकार के इस आदेश की पालना करानी है। विवाह समारोहों के दौर में सड़कों पर बड़ी संख्या में वाहनों पर लगे डीजे शहरों और गांवों में नजर आ रहे हैं। ज्यादा वक्त नहीं हुआ। करौली में हुए साम्प्रदायिक दंगों का घटनाक्रम लोग भूले नहीं होंगे।यहां भी साम्प्रदायिक दंगे की घटना के बाद सरकार ने डीजे पर रोक को लेकर सख्ती की थी। प्रशासन ने करौली में धार्मिक जुलूस पर पथराव की घटना में भी उन्माद की बड़ी वजह डीजे को ही माना था।प्रदेश में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम अहम मसला है जिस तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए। रात दस बजे बाद तेज आवाज में म्यूजिक बजने पर कार्रवाई का फरमान भला कागजों में ही कैद होकर क्यों रह जाता है? सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बारे में सख्त गाइड लाइन जारी कर रखी है, लेकिन नियमों के उल्लंघन पर शायद ही किसी के खिलाफ कार्रवाई होती है।हैरत की बात है कि डीजे के लिए वाहनों में मनमाना बदलाव तक कर लिया जाता है जबकि यातायात नियम इसकी अनुमति नहीं देते। बच्चों, बुजुर्गों और अस्पतालों में भर्ती दूसरे मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर ध्वनि प्रदूषण बड़े खतरे के रूप में सामने आया है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा कम नहीं होती है। ऐसे सभी मामलों को एक ही तराजू से तोला जाना चाहिए।



स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी** * **फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में दो सगी बहन फिनाईल पीकर मूर्छित हो गई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू आपसी विवाद में दो सगी बहन फिनाईल पीकर मूर्छित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एल. सी. रोड दुसाध पड़ा के निवासी मो. जमशेद की दो पुत्री नजमा परवीन उम्र 24 वर्षीय व रजिया परवीन 18 वर्षीय घर में किसी बात को लेकर बाता-बाती होते-होते झगड़ा तक पहुंच गया। उसके बाद गुस्सा में आकर दोनों बहने फिनाईल पीकर मूर्छित हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रभात मलिक के द्वारा इलाज किया गया। इलाज करने के उपरांत दोनों बहन की स्थिति में सुधार है।

### एक नवयुवक पेड़ से गिरकर गंभीर चोट लगने से मूर्छित हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नवयुवक पेड़ से गिरकर गंभीर चोट लगने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा बेतोना निवासी दीपक टुडू का 14 वर्षीय पुत्र विमल टूडू जंगली फल तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा हुआ था, फल तोड़ने के दौरान पैर फिसलने के कारण पेड़ से जमीन पर गिर गया और दोनों हाथ का कलाई टूट गया है। परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक प्रभात मलिक ने घायल विमल टूडू का प्राथमिक इलाज किया। उक्त घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### एक विवाहित महिला को सांप काटने से मूर्छित हो गई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला को सांप काटने से मूर्छित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चानन के निवासी कृष्णा मंडल की 18 वर्षीय पत्नी गौरी देवी को उनके ही घर में दिन के 1:00 बजे के लगभग किसी जहरीले सांप के काट लेने से वह मूर्छित हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रभात मलिक ने उक्त महिला का इलाज में तुरंत लग हैं। इलाज करने के उपरांत महिला की हालत में सुधार है।

### साहेबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** आज दिनांक 18.05.2025 को रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं डयूटी के द्वारा पोस्ट कमांडर गुलाम सरवर के नेतृत्व साहेबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों /जनता से ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने, रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, किसी का दिया हुआ खाना नहीं खाने, जहरखुरानी गिरोह से सावधान, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेलवे फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करने,चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे रेलवे टोल फ्री नंबर 139 सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

# साहेबगंज मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को साहेबगंज मंडल कारा में जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर-सह-स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकार के प्रभारी सचिव-सह-मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिन्धु नाथ लामाये ने की। उन्होंने बंदियों को विधिक जानकारी देते हुए कहा कि किसी कारणवश आपलोग आज जेल में हैं, लेकिन अपने जीवन में सुधार लाकर समाज और देश के साथ मिलकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।इस अवसर पर जेल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर भारती के नेतृत्व में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल-न्याय रक्षक अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम ने वैसे बंदियों की पहचान की जिनका अभी तक जमानत या अपील फाइल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य न्याय को हर व्यक्ति तक, विशेषकर वंचित और हाशिए पर रहने वाले लोगों तक पहुंचाना है। महिला बंदियों की विधिक सहायता संबंधी आवश्यकताओं पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया गया और सचिव द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन, जेलर मनोज मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी आयोजित हुई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की। मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत है। जहां किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। जहां बैकअप प्लान तैयार करने, नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करें और गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। हत्याकांड, चोरी और अन्य अपराधिक मामले की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजा जैसे अवैध कारोबार पर नकल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। वहीं साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, थाना दिवस में ज़मीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर सदर डीएसपी किशोर कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, नगर प्रभाग इंस्पेक्टर राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार, बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव, सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

### रविवार को असम पुलिस व मुफ्फसिल थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज क्षेत्र में रविवार को असम पुलिस व मुफ्फसिल थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार महादेवगंज के किसी युवक द्वारा असम की एक युवती के अपहरण मामले में युवती की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। हालांकि छापेमारी में अपहृत युवती की बरामदगी और आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मौके पर असम पुलिस के साथ मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एएसआई मो असलम, पुलिस बल एवं अन्य उपस्थित थे।

### एसएनसीयू वार्ड अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली के बोर्ड में आग लग गई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल के ऊपरी तल्ले में संचालित एसएनसीयू वार्ड में रविवार की शाम अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली के बोर्ड में आग लग गई जहां आग लगते ही पूरे एसएनसीयू वार्ड में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। उधर आगलगी की जानकारी संबंधित सदर अस्पताल के बिजली मिस्त्री को दी गई जिसके बाद पूरे एसएनसीयू वार्ड का लाईन काटा गया। वही एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं को फौरन बाहर निकाला गया नही तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि समय रहते इस आगलगी की घटना पर सदर अस्पताल के कर्मियों के सूझबूझ से काबू पा लिया गया है जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने राहत की सांस ली है।

### एक अभियुक्त को रेल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत मे

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज**

**साहिबगंज।** रेल थाना अंतर्गत फरार चल रहे एक अभियुक्त को रेल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत। मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज रेल थाना कांड संख्या 03/23, जिश आरश नंश 06/23 एवं डीश बीश नंश 17, दिनांक 31 जनवरी 2025 को न्यायालय द्वारा निर्गत एन/बी वारंटी अभियुक्त रोहित कुमार साव, पिता टिंकू साव, साकिन अलीगंज गंगटी, थाना बबरगंज, जिला भागलपुर (बिहार) को विधिवत् गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया करने के उपरांत अभियुक्त को शारीरिक जांच करने के बाद रेल थाना पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादब की अध्यक्षता में बैठक किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** शहर के प्रिया होटल मे राष्ट्रीय जनता दल के संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादब की अध्यक्षता में बैठक किया गया. बैठक मे राजद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुखदेव विद्रोही एवं सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी संजय भारद्वाज मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक मे प्रखंड सहायक निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्ति को लेकर चर्चा किया गयाबैठक मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुखदेव विद्रोही ने बताया की प्रदेश राजद के निर्देशनुसार जिला, प्रखंड एवं पंचायत का निर्वाचन के लिए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी साहिबगंज संजय यादव एवं सहायक मुरतुज शेख,बोरियो दिनेश यादवं,बवन यादब,बरहेट मनोवर हुसैन, समाउ़ कवि, राजमहल लक्ष्मी कान्त मरादार, सद्दाम हुसैन, तालझारी नुखा शेख, प्रकाश कुमार, उधवा प्रशांत कुमार, अशोक मंडल, बरहरवा आयुव हुसैन, मामलेत शेख, पतना, मनीरुद्दीन शेख, पंचा उराँव मंडरो संजय साहा, बजरंगी दुखे, साहेबगंज नगर विमल यादव, जियाउद्दीन अंसारी, राजमहल नगर, संजय यादव, नियामुद्दीन अंसारी बरहरवा नगर कमल रजवार, मुंशी हेमब्रम को बनाया गया. वही सभी प्रखंड पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की एक सप्ताह के अंदर प्रखंड मे बैठक कर पंचायत स्तर पर चुनाव करा कर प्रदेश को सूचित करे. बैठक मे राजकिशोर यादव, संजय यादव, मुन्ना यादव, दिनेश यादव, रामावतार सिंह, प्रदीप राय, पंचानन साह, कंचन मंडल, टिंकू साह, अशोक मंडल, प्रशांत कुमार, प्रमोद यादव, निजामुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# साहेबगंज जिला बना प्रथम झारखंड राज्य स्तरीय कैरम टैलेंट अंडर-19 प्रतियोगिता का चैंपियन



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का सफल आयोजन 17 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक अंडर-19 आयु वर्ग में साहेबगंज जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्लस टू उच्च विद्यालय, कोदरजन्ना, साहेबगंज के छात्र मोहम्मद दानिश और मोहम्मद शमी अख्तर की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्यभर की प्रतिभागी टीमों को पछाड़ते हुए यह गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि पर साहेबगंज जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर दौड़ गई। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार, एडीपीओ डॉली कुमारी, शबनम तबस्सुम, प्रभारी मुस्तफा कमाल, सोनेलाल मंडल, तोहिद आलम, चंदन कुमार, संजय कुमार, प्रणव शर्मा, परमानंद मंडल, मुसद्दीक हुसैन, बिना कुमारी, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार, शिक्षक बम बम कुमार, आदित्य कुमार, सोनू कुमार और सत्येंद्र कुमार सहित जिलेवासियों ने विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यह जीत साहेबगंज जिले के लिए गर्व का क्षण है और निश्चित रूप से अन्य छात्रों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# वीडियो बनाकर, और सीसीटीवी कैमरा से निजता का हनन करने व धमकी देकर पदाधिकारी को ब्लैकमेल करने वाला कोटालपोखर का वरूण जायसवाल दिल्ली के अमृतपुरी से गिरफ्तार

### 4 मोबाइल और 6 सिम कार्ड को पुलिस ने किया बरामद



**संवाददाता आदिवासी एक्सप्रेस**

झारखंड के साहिबगंज जिला के कोटालपोखर थाना क्षेत्र के गनी चौक के रहने वाले वरुण जायसवाल पिता विष्णु दयाल जयसवाल जो वीडियो बनाकर और अपने घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाकर आसपास के लोगों को निजता का हनन करने और पाधिकारियों को ब्लैकमेल करने वाला को झारखंड की पुलिस ने दिल्ली पुलिस की सहायता से अमरकॉलोनी थाना क्षेत्र के अमृतपुरी से गिरफ्तार किया है झारखंड पुलिस अब उसको दिल्ली के साकेतपूरा कोर्ट में पेश करेगी वहां से पुलिस अब उसे झारखंड के साहिबगंज लायेगी, विदित होकर पिछले दिनों एक पदाधिकारी के फोन कर धमकी दिया था और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया था जिसके तहत कोटल पोखर थाना में कांड संख्या 57 /25 के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई थीअब झारखंड की पुलिस उक्त मामले में जांच करेगी विदित होगी वरुण जायसवाल के ऊपर अब तक 5 से अधिक प्राथमिक की दर्ज की जा चुकी है, वह लोगों के पर्सनली टारगेट कर फोटो नाम और वीडियो बनाकर फेसबुक व्हाट्सएप ग्रुप में डालता था उसे लेकर उसके ऊपर कई प्राथमिकी भी पहले दर्ज की गई है.

# 3 डिग्री पारा गिरने से ठंडा-ठंडा, कूल-कूल हुआ झारखंड का मौसम, 23 मई तक राहत की उम्मीद



**संवाददाता द्वारा**

**रांची।** पिछले 24 घंटे में झारखंड के तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम ठंडा-ठंडा कूल-कूल हो चुका है. वही न्युनतम तापमान में भी 1 डिग्री की गिरावट हुई है आपको बतायें कि शनिवार के दिन झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में पूर्वी पश्चिमी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और चाईबासा में शाम के 6:00 बजे के बाद मौसम बदल गया जहां बारिश हुई और तेज हवा चली, जिससे मौसम पूरी तरह से ठंडा ठंडा कूल कूल हो गया. हालांकी दिन भर गरमी ने लोगों को खूब सताया.

**23 मई तक राहत की उम्मीद :** मौसम विभाग की माने तो आने वाले अगले 23 मई तक झारखंड का मौसम यूं ही बदला हुआ नजर आएगा यानी गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी मौसम विभाग की माने तो अगले 4-5 दिनों तक झारखंड का मौसम पूरी तरह से ठंडा ठंडा कूल कूल रहेगा, क्योंकि गरज के साथ बारिश होगी तो वहीं वज्रपात की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है.

**कैसा रहेगा झारखंड का मौसम :** वही आज यानी रविवार के मौसम की बात की जाए तो आज पुरे झारखंड में झमाझम बारिश की संभावना है.जहां आंधी तूफान आएगा,तो वही गरज के साथ बारिश होगी, वही वज्रपात की संभावना को देखते हुए लोगों को अलर्ट किया गया है.आज झारखंड का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से न्युनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है.

**अगले 4 दिन तक झारखंड में होगी झमाझम बारिश:** मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आनेवाले अगले 4 दिनों में झारखंड के तापमान में और 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी.एक तरफ जहां लोगों को चिलचिलाती धूप से रात मिलेगी, तो वहीं लोगों को गर्मी भी अब नहीं सताएगी.यानी अगले चार-पांच दिनों तक झारखंड के लोगों पर मौसम पूरी तरह से मेहरबान रहेगा.

**अपने जिले का तापमान :** राजधानी रांची के मौसम अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस की संभावना है.जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है.धनबाद में अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री रहेगा. डाल्टनगंज में अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री,जबकि देवघर में अधिकतम 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस,तो वहीं मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है.वहीं मैक्लूसकीगंज का अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री जा सकता है.

# हजारीबाग में रामनवमी के सफल आयोजन पर हुआ सम्मान समारोह

● जिले के सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधुओं, जिले के सभी सामाजिक संगठन, वर्तमान रामनवमी महासमिति अध्यक्ष, पूर्व महासमिति अध्यक्ष समाजसेवी सहित अन्य हुए सम्मानित ● हजारीबाग ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का मिशाल पेश किया: एस पी अरविंद कुमार सिंह ● हजारीबाग की रामनवमी राज्य ही नहीं, देशभर में खास पहचान रखती है: पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग की रामनवमी पूरे देश में अपनी भव्यता और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इस ऐतिहासिक पर्व को देखने हर वर्ष न केवल झारखंड, बल्कि देशभर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। रामनवमी 2025 के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक आवास में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सभी पत्रकारों, वर्तमान रामनवमी महासमिति अध्यक्ष, पूर्व महासमिति अध्यक्ष, समाजसेवियों और विभिन्न



सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को सम्मानित किया, जिन्होंने रामनवमी के आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गए पत्रकारों को एसपी ने व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उनके कार्य की सराहना की। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी राज्य ही नहीं, देशभर में खास पहचान रखती है। इस बार की रामनवमी में सभी पक्षों प्रशासन, मीडिया, समाजसेवी और आम नागरिकों ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने इस बार की रामनवमी की सकारात्मक तस्वीर टीवी और अखबारों के माध्यम से देशभर तक पहुंचाई, जिससे जिले की एक बेहतर छवि बनी है। एसपी ने कहा कि यह सम्मान समारोह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के योगदान को मान्यता देने का एक प्रयास है, जिन्होंने अपने-अपने स्तर से इस आयोजन को सफल और शांतिपूर्ण बनाया। समारोह में बड़ी संख्या में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओ, समाजसेवी, पुलिस पदाधिकारी और आम नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एसपी ने सभी को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा जताई। मौके पर अमित आनंद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, बैजनाथ प्रसाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़, पवन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव मनोज कुमार सिंह, पुलिस उपाध्यक्ष सी0सी0आर0 तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छतरपुर प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैंप का आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर प्रखंड कार्यालय में रविवार दोपहर 12 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को कानूनी जागरूकता प्रदान करना और उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत न्यायिक मजिस्ट्रेट शंभू महतो को जेएसएलपीएस के द्वारा पौधा देकर किया गया। जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा विधिक प्राधिकरण संबंधित जानकारी के साथ लोगों को सूचना का अधिकार 2005 के तहत मांगी जाने वाली सूचना का अधिकार, थाना में किसी भी तरह शिकायत करने का अधिकार की जानकारियां दी गई। इसके अलावा कैंप में लाभको के बीच आवास स्वीकृत, पेंशन स्वीकृति और जेएसएलपीएस के द्वारा 60 लाख का चेक वितरण किया गया। वही प्रखंड विकास आशीष कुमार साहू, अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार और प्रखंडकर्मी को जेएसएलपीएस के माध्यम से सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखण्ड कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे ।

### जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़: कुछ नक्सली घायल, सामान बरामद



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर गांव के पास स्थित जंगल में शनिवार को पुलिस और टीएसपीसी नक्सलियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान नक्सली पीछे हटने पर मजबूर हो गए। सूचना है कि मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को गोली लगी है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। घटनास्थल से नक्सलियों के कई सामान बरामद किए गए हैं। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान तेज कर दिया है। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है ताकि कोई भी नक्सली बचकर निकल न सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम जंगल में गश्त पर निकली थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और लगभग आधे घंटे तक दोनों ओर से फायरिंग होती रही।

### तोपचांची प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी का वितरण



**गोमो।** तोपचांची प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया। सभी लाभुकों के बीच 6 यूनिट बकरी वितरण किया गया। जिसमें 4 बकरी एवं एक बकरा शामिल था। बकरी पाकर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। सभी लाभुकों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद मोदी, प्रधान सहायक महेंद्र कुमार, बकरी सप्लायर मोहम्मद मनौवर सहित ग्रामीण उपाथित थे।

### गिरिडीह में बिजली विभाग की लापरवाही से तीन मवेशियों की मौत

● किसान मुआवजे की मांग पर अड़े



**गिरिडीह ,प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र के रतोईया गांव में खुले में लटक रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में आक्रोश है और पीड़ित किसान बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद विभाग ने लटकते तारों की सुध नहीं ली, जिससे यह हादसा हुआ।

# अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर प्रांतीय यादव महासंघ की बैठक संपन्न

**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रांतीय यादव महासंघ की एक अहम बैठक रविवार को बालूमाथ के होटल कजरीया में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने की, जिसमें यादव समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय वर्षीय यादव सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वप्न घोष के आगामी लातेहार दौरे और रेजगाला घाम की पवित्र मिट्टी के कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में बताया गया कि 20 मई को स्वप्न घोष लातेहार जिले का दौरा करेंगे। उसी दिन रेजगाला घाम की पवित्र मिट्टी को कलश में भरकर देश के



विभिन्न राज्यों में यात्रा के लिए रवाना किया जाएगा। यह कलश यात्रा समाज के एकजुटता और जागरूकता का प्रतीक होगी, जिसका समापन 18 नवंबर को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित एक विशाल महासभा के रूप में किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए श्यामसुंदर यादव, दीपक यादव, बिहारी यादव और प्रीतलाल यादव ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध में यादव समाज के 114 वीर जवान शहीद हुए थे, जिन्होंने 200 से अधिक चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बावजूद आज तक अहीर रेजिमेंट की स्थापना नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन इसी मांग को लेकर चलाया जा रहा है ताकि शहीद वीरों को न्याय मिल सके और भविष्य में युवाओं को उचित पहचान। बैठक में श्यामसुंदर यादव, बिहारी यादव, दीपक यादव, निर्मल यादव, चंद्रमोहन यादव, मनोज यादव, प्रदीप यादव, संजय यादव, रंजन यादव, नरेश यादव,केदार यादव, बैजनाथ यादव, तिलेश्वर यादव, रमेश यादव, गिरेंद्र यादव, मुनेश्वर यादव, जगदीश यादव, राजदेव यादव, भुनेश्वर यादव, चरकू यादव अशोक यादव, धनुषधारी यादव समेत सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग शामिल थे।

# सिकरी में मंडा पूजा को लेकर कमेटी का गठन अध्यक्ष फूलचंद, सचिव अरुण व संतोष कोषाध्यक्ष बने

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**बड़कागांव।** सिकरी शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा संपन्न कराने हेतु ग्रामीणों की बैठक बसंत नारायण सिंह की अध्यक्षता और फूलचंद गिरी व अशोक गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से संचालन में आयोजित की गई। पूजा सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ग्रामीणों की आम सहमति से एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष फूलचंद गिरी, उपाध्यक्ष धनेश्वर राम, सचिव अरुण कुमार, उप सचिव पृथ्वीराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष



अनुज कुमार राम, संयोजक बसंत नारायण सिंह, बंसी राम, भोला महतो, नारायण महतो, द्वारिका महतो व तुलसी राणा संरक्षक में स्वरूप नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, कैलाश पांडेय, सत्येंद्र पासवान, रामचंद्र साव एवं वर्तमान एवं पूर्व मुखिया, पंसस व सभी वार्ड सदस्य का चयन किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में अशोक कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र प्रसाद व अरुण गुप्ता का चयन किया गया। वही बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर महतो, तेतर साव, कन्हाई साव, अरुण राना, कृष्णा महतो, सहदेव महतो, बुधन महतो, जिबलाल महतो, गणपत राम, नागेश्वर ठाकुर, बालेश्वर महतो, चेतलाल राणा, मंगर महतो, प्रभु राणा, सोनू गुप्ता, प्रदीप सिंह, नरेश पासवान एवं सभी प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी व दर्जनों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बेटियां किसी से कम नहीं, हर घर की शान हैं: प्रमुख

● पीएम श्री योजना के तहत कस्तूरबा विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** पीएम श्री प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद में शनिवार को पीएम श्री योजना के तहत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने की।अपने संबोधन में वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समूह में कार्य करने की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के चतुर्दिक विकास के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन



और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देश की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संदेश और पारंपरिक लोककलाओं को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। मोबाइल के दुष्परिणाम पर आधारित लघु नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा गीत, नृत्य और कविता पाठ ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख राजकुमारी देवी ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷बेटियां अब किसी से कम नहीं हैं। वे हर घर की शान बन सकती हैं। यहां की छात्राओं को देखकर स्पष्ट होता है कि बेटियां बोझ नहीं हैं, बल्कि वे भविष्य की मजबूत नींव हैं। महुअरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बेटियों में आत्मबल और आगे बढ़ने का हौसला बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों के व्यक्तित्व में संतुलित विकास होता है। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सोफिया कुरैशी और भावना कंठ जैसे उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी बेटियां भी देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्राएं तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने सभी अतिथियों, प्रतिभागी छात्राओं और सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सरिया थाना क्षेत्र के कांड संख्या 165/2023 के नामजद फरार अभियुक्त ज्योति देवी गिरफ्तार

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** सरिया थाना कांड संख्या 165/2023 हत्या के मामले में फरार अभियुक्त ज्योति देवी को पचम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहरबारी में उनके भाई के घर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि पचम्बा थाना अंतर्गत करहरबारी से उनके भाई के मकान से पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार किया। बताया



जाता है की ज्योति देवी और उनके पति अजय राम दोनों ने मिलकर के अपने देवर विजय राम उर्फ विनोद कुमार गुप्ता के ऊपर पेट्रोल डालकर जला कर हत्या कर देने का आरोप है। उक्त घटना 20:09:2023 सुबह की है। विदित हो कि उसी दिन ज्योति देवी के पति अजय राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जो अभी तक जेल में बंद है, जबकि ज्योति देवी करीब पौने दो साल से फरार चल रही थी।विदित हो कि दर्जनाधिक बार पुलिस द्वारा अलग- अलग ठिकानों में छापामारी की गई, लेकिन पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ रही थी। लेकिन 18 मई दिन रविवार को प्रातः सरिया थाना पुलिस ने पुनय उरांव के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर ज्योति देवी के मायके करहरबारी में छापामारी की गई और वहीं से पकड़ी गई है। आगे की कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि 20: 09: 2023 को ग्राहक को लेकर अजय राम और उनके भाई विजय राम में आपसी कहा सुनी हो गई थी इसके बाद हत्या जैसे संघीन अपराध में महिला थी फरार, पति को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

### टीपीसी ने पांडू ब्लॉक में पोस्टर चिपकाकर दर्ज कराई उपस्थिति

● नक्सलियों ने एक बार पुनः पलामू में उठाया है सर पुलिस के लिए है चुनौती

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मोहम्मद शमीम**

**उंटारी रोड, पलामू।** जिले में नक्सली माओवादियों टीपीसी का दबदबा हमेशा से रहता था। नक्सली प्रखंड मुख्यालय से लेकर कभी-कभी जिला मुख्यालय तक पोस्टर चिपका कर अपनी उपस्थिति दिखाते रहते थे परंतु हाल के दिनों में पुलिसिया कार्रवाई के वजह से संबंधित प्रतिबंधित संगठन अपने हांथ पैर समेटे हुए हैं लेकिन कल पांडू प्रखंड में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टी एस पी सी ने प्रखंड कार्यालय में पोस्टर चिपकाकर फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रिंटेड पोस्ट में टी एस पीसी ने बीड़ी पता ठेकेदार मुंशी को होशियार रहने को बोला है पोस्ट में लिखा है कि बीड़ी पता मजदूरों को अंग वस्त्र देने नाश्ता खाना और प्रतिदिन मजदूरी देने का जिक्र किया है वही ग्रामीणों को पोस्ते की खेती नहीं करने पुलिस प्रशासन और दलालों से सावधान रहने की बातें लिखी गई है प्रखंड कार्यालय में प्रतिबंधित टीपीसी द्वारा पोस्टर लगाए जाने पर ऐसा प्रतीत होता है कि पांडू थाना क्षेत्र में भी नक्सलियों की सक्रियता बढ़ गई है अब पांडू पुलिस ही नहीं पुरे पलामू पुलिस के लिए यह एक चैलेंज बन गया है बीते कुछ दिनों पहले 30 अप्रैल को भी बिश्रामपुर में पोस्टर चिपकाया गया था। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता की पलामू पुलिस ने संगठन को बैक फुट पर लगा दिया था परंतु इस तरह का पोस्टर बाजी पुलिस के लिए फिर से चैलेंज बन गया है। पूरे मामले में पीएसीपीसी के नक्सलियों के खिलाफ पांडू थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी कुमार सौरव ने बताया कि पोस्ट को जप्त किया गया है और पूरे मामले में टीएसपीसी के नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पोस्टर लगाने वाले नक्सलियों का पता लगाया जा रहा हैं।

# महुदी गांव मे तहफ्फुज-ए-नामूसे-ए-रिसालत कॉन्फ्रेंस का समापन

आपको एक पीन भी गड़ेगा तो दर्द योगेंद्र साव को होगा: पूर्व मंत्री

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के महुदी में इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी महुदी और गुलशन-ए-रजा कमेटी कनौदा के जेरे निगरानी में इल्मी जलसे तहफुज-ए-नामूसे-ए-रिसालत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अहमद रजा, आजाद आलम, अफताब आलम एवं इमरान अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन नकीबे आजम हिंदुस्तान हजरत अल्लामा मौलाना महबूब गौहर इस्लामपुरी ने किया। इस मुबारक मौके पर झारखंड, बिहार एंव उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों से अजीम उलेमा-ए-किराम और शायरे इस्लाम शिरकत फरमाएँ। वहीं मोकामी (स्थानीय) उलमा-ए-किराम भी अपने



बयानों से महफिल को नूरानी बनाया।कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आलीम ओलेमा-ए- एकराम को बारी-बारी से फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों का मैं ॠणी हूं आप सबको यदि एक पीन भी गड़ेगा तो दर्द योगेंद्र साव को होगा।मैं आप सबको हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार खड़ा हूं।मुफ्ती हम्माद रजा कादरी ने अपनी नूरानी तकरीर के द्वारा लोगों से कहा कि अपने बच्चों को खासकर युवा पीढ़ी को तमाम बुरी कामों से दूर रखें।उन्हें अच्छी तालीम दें और एक अच्छा इंसान बनाएं। तमाम लोग नमाज पढ़ें।तिलक दहेज ना लें ,नशा से दूर रहें। पैसा कमाए और खूब कमाए पर हलाल पैसा कमाए।वहीं देर रात तक एक से बढ़कर एक नात पढ़े गए।जिसे लोगों ने सुना और खूब सराहा।शिरकत फरमाने वाले अलीम ओलेमा व शायरी जलसे में दिल्ली , यूपी , बिहार एंव झारखंड से शिरकत फरमाने वालों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश से हजरत मुफ्ती हम्माद राजा कादरी मुरादाबाद , हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद नाबिल अख्तर नवाजी चेयरमैन सुन्नी इस्लामिक मिशन नई दिल्ली , हजरत मुफ्ती अमजद राजा नूरानी चतुर्वेदी - सिवान (बिहार) , नकीबे आजम हिन्दुस्तान हजरत अल्लामा मौलाना महबूब गौहर इस्लामपूरी - बिहार , शायरे मुल्के हिन्दुस्तान जनाब कारी मोहम्मद अली फैजी - बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश , शायरे इस्लाम जनाब शाहनवाज हस्सान हबीबी - उड़ीसा, शायरे हिन्दुस्तान जनाब जमजम फतेहपुरी , शायरे इस्लाम जनाब शरीक राजा बरकाती - दिल्ली , हजरत मौलाना कारी सरफराज अहमद कादरी नाज - गुमला (झारखंड) , साथ ही साथ क्षेत्र के मोकामी उलमा-ए-किराम भी जलसे में शिरकत फरमाकर अपने बेहतरीन बयानात से महफिल को मुनव्वर किए।जलसा के आयोजक जनाब अहमद रजा महुदी टोला कनोदा, आजाद आलम, आफताब आलम एंव इमरान अंसारी महुदी के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक बरसात से नगर पंचायत हुआ पानी पानी, शहर की स्थिति हुई बदतर



**आदिवासी एक्सप्रेस / बौसी (बांका)**

शनिवार के शाम के जहां और पुतला धार बारिश के कारण नगर पंचायत कई जगहों परस्थिति खराब हो गई है। जगह-जगह पानी जल निकासी नहीं रहने के कारण जाम हो गया है। सबसे खराब स्थिति शहर के वार्ड नंबर 16 और 17 एवं 18 की है। सड़क पर पानी भर गया था लोगों को कीचड़ में चलना मुश्किल हो रहा है स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर काफी नाराज भी है कि आखिर नगर पंचायत के बनने के बाद यह स्थिति क्यों नहीं बदल रहे आखिर कब तक उन्हें ऐसे खराब हालत का सामना करना पड़ेगा।

### टी 20 टैलेंट स्काउटिंग क्रिकेट सीरीज

**● मूसलाधार बारिश के बाद क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच हुआ रद्द, मैदान निरीक्षण के बाद कमेटी ने लिया फैसला, जल्द होगी नई तिथि की घोषणा**



**आदिवासी एक्सप्रेस /बौसी (बांका)**

मंदार स्पोर्ट्स क्लब द्वारा टी 20 टैलेंट स्काउटिंग क्रिकेट सीरीज 2025 के तहत रविवार से सीएनडी खेल मैदान पर शुरू होने वाला उद्घाटन समारोह और मैच बरसात से उत्पन्न बाधा तथा मैदान गिला रहने के कारण आखिरकार रद्द करना पड़ गया। शनिवार को शहर में मूसलाधार तेज बारिश के बाद मैदान में काफी पानी जमा हो गया था रविवार की सुबह आयोजन समिति की आधिकारिक टीम तथा कुछ खिलाड़ियों ने मैदान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाया कि क्रिकेट पिच में अभी भी गीलापन है। तथा मैदान में जहां तहां जमीन गीला होने के कारण बड़े-बड़े निशान बन गए हैं जिसे फिर से ग्राउंड स्टाफ के माध्यम से लेवल कर मैच के स्तर का बनाया जाएगा। इसके लिए टाइम लगेगा। कमेटी जल्द ही नए तारीख पर मैच के शुभारंभ को लेकर फैसला लेगी।

### विदेश मंत्री जयशंकर सोमवार को तीन देशों की यात्रा पर जायेंगे



विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। इस दौरान वह सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन के मुद्दे को उठा सकते हैं। भारतीय और पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के बीच चार दिन तक चली सैन्य झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा, ''विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।'' मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे। उम्मीद है कि जयशंकर तीनों देशों के अपने समकक्षों को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने संबंधी भारत के फैसले से भी अवगत कराएंगे।'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सात मई की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ढांचों को नष्ट कर दिया था। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। चार दिन के टकराव के बाद 10 मई को दोनों पक्षों के बीच संघर्ष रोके जाने परसहमति बनी थी।

### विपक्ष के खिलाफ पीएमएलए का दुरूपयोग किया जा रहा : शरद पवार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) में एक कड़े प्रावधान को लाए जाने को लेकर आगाह किया था और उनकी आशंका के अनुरूप सरकार बदलने पर अब इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत द्वारा लिखी मराठी किताब 'नरकतला स्वर्ग' (नरक के अंदर स्वर्ग) के विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि जब भी केंद्र में सरकार बदलेगी, तो कानून में संशोधन किया जाएगा। यह किताब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद राउत के जेल में बिताए अनुभवों के बारे में है। पवार ने कहा कि जब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने संप्रग सरकार के दौरान पीएमएलए में संशोधन का प्रस्ताव रखा था जिसमें गिरफ्तार व्यक्ति पर ही अपनी बेगुनाही साबित करने का भार डाला गया था, तो उन्होंने कैबिनेट सदस्य के तौर पर इसे लेकर आगाह किया था। वरिष्ठ नेता ने दावा किया, ''जब मैंने इसे (चिदंबरम के प्रस्ताव को) पढ़ा, तो मैंने (तत्कालीन प्रधानमंत्री) मनमोहन सिंह से कहा कि यह बहुत खतरनाक है और हमें इस पर आगे नहीं बढ़ना चाहिए... मैंने इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि अगर सरकार बदलती है, तो हमें भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। लेकिन इस (सलाह) पर ध्यान नहीं दिया गया।''

# बांका में शराब के साथ राजस्थान और पंजाब के तस्कर गिरफ्तार, 12 लाख रुपए बताई जा रही अनुमानित कीमत

**आदिवासी एक्सप्रेस / बौसी (बांका)**

बांका के बौंसी पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर 3768 विदेशी शराब की बोतल के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है. जब्त की गई 1324.44 लीटर अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपए बताई जा रही है. मामले में तस्करी के लिए प्रयुक्त की जा रही कार, एक पिकअप वाहन और पांच मोबाइल के साथ शराब को भी जब्त कर लिया गया है. थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के निर्देशन में टीम के द्वारा भलजोर बॉर्डर समीप शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को यह सफलता मिली है .



थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्कर शराब को पंजाब से दरभंगा के कुशियारी स्थान ले जाने की फिराक में थे. गिरफ्तार तस्करों का संबंध राजस्थान और पंजाब से है बौंसी पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर 3768 विदेशी शराब की बोतल के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है. जब्त की गई 1324.44 लीटर अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपए बताई जा रही है. मामले में तस्करी के लिए प्रयुक्त की जा रही कार, एक पिकअप वाहन और पांच मोबाइल के साथ शराब को भी जब्त कर लिया गया है. थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के निर्देशन में टीम के द्वारा भलजोर बॉर्डर समीप शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को यह सफलता मिली है . थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्कर शराब को पंजाब से दरभंगा के कुशियारी स्थान ले जाने की फिराक में थे. गिरफ्तार तस्करों का संबंध राजस्थान और पंजाब से है.

**तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन और पांच मोबाइल जब्त**

बिहार झारखंड के भलजोर बॉर्डर के समीप पुलिस ने जाल बिछाकर वाहन को जब्त किया. इसके साथ-साथ तस्करी में शामिल राजस्थान के अलवर जिला अंतर्गत कोट थाना क्षेत्र के जोड़िया गांव के वार्ड नंबर एक निवासी कृष्ण अवतार के पुत्र अमित कुमार, सुरेंद्र कुमार के पुत्र चंचल यादव और पंजाब के गुरदासपुर जिला अंतर्गत पैनी मियां थाना क्षेत्र के भैनी पसवल गांव निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र हरजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है. छापेमारी में पुलिस अवर निरीक्षक विनयकांत के साथ-साथ कांस्टेबल चंदन कुमार, भोला कुमार, दयाराम यादव सहित अन्य शामिल थे.

**तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया**

मामले में पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्करों से कड़ी पूछताछ की गई है. जिसमें और भी अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं. सूत्रों की माने तो आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शराब की बड़ी खेप झारखंड से भलजोर चेक पोस्ट के रास्ते ले जाने की तैयारी की जा रही थी. लगातार पुलिस के सख्त रवैया और चौकसी की वजह से अब तक लाखों रुपए की शराब बौंसी पुलिस के द्वारा जब्त की जा चुकी है.

# विधायक ने 3 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री सड़क योजना का किया शिलान्यास

**बांका फुल्लीडुमर से कामेश्वर साह की रिपोर्ट**

बेलहर के जदयू के विधायक मनोज यादव रविवार को फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र से सटे बेलहर विधानसभा क्षेत्र के चांदन प्रखंड में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत लगभग तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क का शिलान्यास किया गया। जिसमें चांदन प्रखंड के धनुवसार पंचायत के टोना पाथर से दास टोला उत्तरी वारने पंचायत के बागरा काली मंदिर से विराजपुर पथ, दक्षिणी वारने पंचायत के भेरोडीह गांव से तितुगंज पथ का विधायक श्री यादव के द्वारा नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कि जब मैं विधायक नहीं बना था तब भी लगातार बेलहर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का दौरा कर रहे थे तो क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या सड़कों का था। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आगे विधायक श्री यादव ने कहा क्षेत्र की जनता ने जब मुझे विधायक चुना तो सबसे पहले मैंने बेलहर विधानसभा में सड़कों की समस्याओं को दूर करने के लिए संकल्प लिया था। लोग कैसे गांव देहात में कीचड़ में पैदल चलकर अपना घर जाते थे, गांव में यदि कोई बीमार हो जाता था तो लोग खाट पर रखकर मरीज को अस्पताल ले जाते वो सब हमने देखा है। आगे उन्होंने कहा बेलहर विधानसभा में जो सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वो यहां कि जनता का आशीर्वाद है। बेलहर विधानसभा क्षेत्र में हर गांव हर टोला सड़क से वंचित नही रहेगा पूरा विधानसभा का गांव कीचड़ मुक्त होगा यह मेरा वादा है। मौके पर उन्होंने संवेदक को बेहतर कार्य करने का भी निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर उत्तरी वारने पंचायत की मुखिया अनीता देवी, फुल्लीडुमर प्रखंड के कैथा पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, सत्तन यादव, पैक्स सदस्य हेमराज यादव, अयूब अंसारी, जिला बीस सूत्री सदस्य संजय यादव, पिंटू यादव, सियाराम यादव ,सुरेश यादव, उमेश यादव, तारिणी यादव, अनिल यादव, चेतन यादव, भूसी आदि मौजूद थे।



## ओबरा महोत्सव कार्यक्रम दिव्य एवं भव्य रुप से आयोजित किया जायेगा

**● ओबरा महोत्सव कार्यक्रम में स्टार कलाकार भी भाग लेंगे**



**प्रमोद कुमार सिंह**

**औरंगाबाद-** जिले के ओबरा प्रखण्ड में जिला महोत्सव परिवार की एक बैठक आयोजित किया गया। इस आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शिव नारायण प्रसाद सोनी ने की। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि इस बार ओबरा महोत्सव आयोजन दो दिवसीय 6 सितंबर से 7 सितंबर तक आयोजित होगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ बड़े कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिससे महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो महोत्सव की तैयारी में कमेटी के कार्य करता पूरी तरह लग चुके हैं जिसमें कई प्रायोजक ने अपने सहयोग राशि देने का घोषणा किया जिससे महोत्सव बड़े स्तर पर आयोजित हो,

बैठक संबोधन करते हुए सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य है ओबरा में प्राचीन स्थित देवी मां मंदिर , ऐतिहासिक महत्व के स्थल मनोरा एवं स्वतंत्रता सेनानी जगतपति कुमार को देश दुनिया में प्रचारित और प्रसारित करना है । महोत्सव आयोजित होने से ओबरा का पहचान देश स्तर पर बनेगा, महोत्सव सफल होने जा रहा है ताकि कार्यकर्ता काफी ऊर्जावान तरीके से महोत्सव के लिए लग चुके हैं,साथ ही स्थानीय कलाकारों, छात्र छात्राओं को मंच दिलाने और स्थानीय उत्पाद महत्व देना ताकि उसकी अच्छाई देश दुनिया स्तर पर पहुंच सके। इसी उद्देश्य महोत्सव को शुरुआत करने की पहल की जा रही है।। और यह तभी संभव है जब ओबरा के सभी लोगों की इसके प्रति सहयोग मिले। महोत्सव के मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि जिला महोत्सव परिवार का हमेशा प्रयास रहा है कि जिले की विभिन्न जगहों के धार्मिक स्थलों को प्रचार प्रसार का बढ़ावा महोत्सव के माध्यम से मिल सके इसी उद्देश्य ओबरा की प्राचीन देवी मंदिर, प्रचार प्रसार के बढ़ावा हेतु एवं वाहन के स्थानीय कलाकारों को प्रतिभाशाली व्यक्तियों को बेहतर मंच के माध्यम से देश स्तर पर नहीं पहचान देने के लिए महोत्सव ओबरा में आयोजित किया जा रहा है। बैठक मे कमल किशोर पांडे , संजय मालाकार, विद्याधर तिवारी, सुनील कुमार सिंह, अतुल आनंद, कौशिक दुबे, संजय यादव, दूधेश्वर प्रसाद, शैलेश कुमार, विनोद नाग, अजय मेहता उपस्थित थे।

# असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने किया मानसून बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा

**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने इस मानसून में होने वाले राज्य की बाढ़ के लिए किए जा रहे तैयारियों की ऊपर कल शनिवार को व्यापक समीक्षा किया और सभी विभागों और एजेंसियों से संभावित बाढ़ स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए निकट समन्वय में काम करने का आग्रह किया। जानकारी के अनुसार कल शनिवार को गुवाहाटी में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न राज्य विभागों और केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें जिला आयुक्त वर्चुअली चर्चा में शामिल हुए। खबर अनुसार असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ASDMA) के सीईओ ज्ञानेंद्र डी त्रिपाठी ने राज्य और जिला दोनों स्तरों पर एजेंसी के सक्रिय उपायों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। त्रिपाठी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने प्रमुख हितधारकों के साथ सात विषयगत बैठकें की हैं और



बाढ़ की तैयारियों की व्यापक 360-डिग्री समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने पुष्टि की कि मुख्य सचिव रवि कोटा ने विशेष रूप से सभी विभागों और एजेंसियों से अनुरोध किया है कि वे पूरे मानसून सीजन में बाढ़ प्रबंधन को प्रभावी बनाये रखने के लिए एएसडीएमए के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की पहली बटालियन ने बैठक में बताया कि इसकी 18 में से 14 टीमें वर्तमान में असम में तैनात हैं और उन्हें कछार, जोरहाट बोंगाईगांव ओर बारपेटा जिलों में रणनीतिक रूप से तैनात किया जाएगा। इसके अलावा, एनडीआरएफ की 12वीं बटालियन की टीमें धेमाजी, डिब्रूगढ़, सोनितपुर और शिवसागर जिलों में तैनात रहेंगी। इस जानकारी के अनुसार अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने संभावित बाढ़ आपात स्थितियों का जवाब देने के लिए राज्य में 58 रणनीतिक स्थानों पर 299 परिचालन बचाव नौकाओं के साथ 639 राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) कर्मि तैनात रहेंगे । उन्होंने जिला आयुक्तों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में एनडीआरएफ टीमों की मौजूदगी का लाभ उठाकर स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया देने वालों और समुदायों के लिए क्षमता निर्माण की पहल करें। उन्होंने कृषि विभाग को बाढ़ के कारण संभावित कृषि नुकसान को कम करने के लिए फसल बीमा योजनाओं में भाग लेने के लिए किसानों के लिए एक विशेष नामांकन अभियान शुरू करने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग को बाढ़ से संभावित रूप से प्रभावित आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और अन्य संबंधित एजेंसियों को सहायता प्रदान करने का काम सौंपा है। इस तरह से असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ ज्ञानेंद्र डी त्रिपाठी ने कल आगामी मानसून पर किए जा रहे कार्यों पर समीक्षा बैठक में प्रकाश डाला था ।

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ के हमलों में दो व्यक्तियों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य (टीएटीआर) के बफर जोन में रविवार को बाघ के हमलों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी एक वन अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक हमला उस समय हुआ जब ग्रामीण तड़के तेंदू पत्ता इकट्ठा करने के लिए जंगल में गए थे। अधिकारी ने बताया कि वढोना गांव निवासी मारोती शेंडे (64) पर ब्रम्हपुरी वन प्रभाग के तहत आने वाले नागभीड़ तहसील के तलोधी वन परिक्षेत्र में एक बाघ ने हमला कर दिया जिसमें वह जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि वनकर्मियों ने मारोती को सिंदेवाही के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। टीएटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसी तरह की एक घटना में, मुल तहसील के शिवपुर-चेक गांव निवासी रूशी पेंडोर की एक बाघ के हमले में मौत हो गई।

# पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के संपर्क में थी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, वित्तीय विवरणों की हो रही जांच

**हिसार।** हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और संवेदनशील जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने 17 मई को उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।



हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को मीडिया को बताया कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंट सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों को भर्ती कर अपने प्रचार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर ज्योति को न्यू अग्रसेन कॉलोनी, हिसार से गिरफ्तार किया गया। ज्योति कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन की यात्रा कर चुकी थी। वह पाकिस्तानी ऑपरेटिव के संपर्क में थी। उन्होंने कहा, हमने उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है।

# असम के गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के युवा नेता मृदुल प्रीतम डेका की उदारता, युवा नेता मृदुल प्रीतम तूफान से प्रभावित लोगों की मदद करने आए आगे

**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**

असम से भाजपा के युवा नेता तथा गोरेश्वर से स्थानीय युवा मृदुल प्रीतम डेका ने कल शनिवार को नवगठित गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों का दौरा किया। असम भाजपा की युवा नेता मृदुल प्रीतम डेका ने बीते शनिवार को गोरेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में तूफान से प्रभावित कई लोगों के घरों में पहुंचकर उनका



जायजा लिया और तूफान से तबाह हुए कई लोगों को आर्थिक सहायता दी। पता चला है कि युवा नेता मृदुल प्रीतम ने तुफान के बाद से अब तक पहले चरण में 20 परिवारों को चेक वितरित किए हैं। गोरेश्वर के लोगों की खुशियों और गमों को हमेशा बांटने के संकल्प के साथ युवा भाजपा नेता असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के आदर्शों को अपने सिर पर लेकर लोगों की मदद करने के लिए आगे आए हैं। कल अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शनिवार को आए तूफान के कारण गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में कई परिवार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। चूंकि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार दिया है और उन्हें अपने बेटे के रूप में गले लगाकर उनका समर्थन कर रहे हैं, इसलिए वह प्रभावित लोगों की हर तरह से मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। युवा नेता मृदुल प्रीतम ने कहा कि इस मदद के अलावा, वह हमेशा अपने लोगों की तरह क्षेत्र के लोगों के सुख दुख में साथ रहेंगे, युवा नेता मृदुल प्रीतम ने और कहा कि आने वाले दिनों में वह मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के आदर्शों के साथ समाज के लिए ऐसे ही काम करते रहेंगे और आने वाले समय में मुख्यमंत्री के असम को देश के पांच राज्यों में लाने के सपने को पूरा करने की जी-जान से कोशिश करेंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े फाफ डुप्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे चरण से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को बड़ी राहत मिली है। टीम के उपकप्तान फाफ डुप्लेसिस और मिडल ऑर्डर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स फिर से स्क्वॉड में शामिल हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने एक अधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। फ्रेंचाइज़ी ने यह भी जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क और साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा फिलहाल टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। स्टार्क इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट झटके हैं। फ्रेंचाइज़ी ने दोनों खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से 18 से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेलने की अनुमति मिल गई है। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को मुस्तफिजुर को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जेक फ्रेज़र-मकगर्क के स्थान पर टीम में शामिल किया है, जो अब सीजन के बाकी मैचों के लिए अनुपलब्ध रहेंगे।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की नीलामी से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने सीजन 12 के लिए रिटेन किये गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। सीजन 12 की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में आयोजित की जाएगी। अधिकांश फ्रेंचाइज़ियों ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है और अब वे आगामी सीजन के लिए और भी मजबूत टीम बनाने की तैयारी में हैं। प्रमुख रिटेन्ड खिलाड़ियों में यू मुंबा के सुनील कुमार और आमिर मोहम्मद जफरदानेश, हरियाणा स्टीलर्स के जयदीप डहिया, यूपी योद्धा के सुरेंदर गिल और पुनेरी पलटन के असलम इनामदार व मोहित गोयत शामिल हैं।

इस बार कुल 83 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में रिटेन किया गया है:

25 खिलाड़ी 'एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स' श्रेणी में

23 खिलाड़ी 'रिटेन्ड यंग प्लेयर्स ' श्रेणी में

35 खिलाड़ी 'न्यू यंग प्लेयर्स' श्रेणी में

नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी उतरेंगे, जिनमें भारत के नामी खिलाड़ी – पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के टॉप रेडर देवांक दलाल शामिल हैं। इसके अलावा, ईरान के दिग्गज फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शादलूई, साथ ही मनींदर सिंह और प्रदीप नरवाल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे।

## सूर्यकुमार यादव का यह पूर्व सीजन उनके सर्वश्रेष्ठ सीजन में से एक है : पूर्व भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने *IPL* 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ियों हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा को टीम में वापसी का श्रेय दिया। दिग्गज क्रिकेटर ने आगे कहा कि इन खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण मौकों पर फ्रैंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी बल्लेबाज सूर्यकुमार का यह IPL करियर का सर्वश्रेष्ठ सीजन है। भारत के टी20 कप्तान ने 12 मैचों में 510 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज के पास फिलहाल ऑरेंज कैप है, जबकि गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) शीर्ष स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं जो सूर्यकुमार से सिर्फ पांच रन पीछे हैं। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम की शुरुआत खराब रही और उसने सीजन के अपने पहले मैचों में चार गेम गंवाए। हालांकि पांच बार के चैंपियन ने फिर से वापसी की और लगातार छह मैच जीते लेकिन बारिश से प्रभावित मैच में गुजरात टाइटन्स से तीन विकेट से हार गए। 12 खेलों में 14 अंकों के साथ रुद्ध के पास दो गेम शेष रहते प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का एक मजबूत मौका है।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को किया बर्खास्त

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्ज्ञान पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी। लीमन और वाइल्ड क्रमशः इंग्लैंड के वरिष्ठ डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे है।

# विराट कोहली को सम्मान देने पहुंचे फैंस, आसमान में भी दिखा अद्भुत नजारा

**एजेंसी**

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलैंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबले के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का रोमांच एक बार फिर शुरू हुआ। इसके बाद केकेआर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई, जबकि बेंगलुरु की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह मैच भले ही न हो पाया हो, लेकिन होम टीम आरसीबी के फैंस अपने चहेते खिलाड़ी विराट कोहली को देखने बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे थे। फैंस 18 नंबर की सफेद जर्सी पहने स्टेडियम में नजर आए, लेकिन बारिश के चलते वह अपने चहेते खिलाड़ी को खेलते हुए नहीं देख सके। दरअसल हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली पहली बार मैदान पर उतरने




वाले थे, इसलिए एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट को खास सम्मान देने के लिए फैंस सफेद जर्सी में आए थे। आरसीबी ने रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर विराट को बड़ी संख्या में देखने पहुंचे फैंस का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, चिन्नास्वामी सफेद हो गया- किंग कोहली के टेस्ट करियर को सम्मान। फ्रेंचाइजी ने आगे लिखा कि विराट कोहली के शानदार टेस्ट करियर को दिल को छू लेने वाला सम्मान देने के लिए प्रशंसक न केवल बड़ी संख्या में बल्कि भावनाओं में भी दिखाई दिए, सफेद कपड़ों में लिपटे हुए - नारे लगाते हुए और विशेष बैनर के साथ, जिसने इसे खेल में एक ऐतिहासिक क्षण बना दिया। दुनिया के सबसे चहेते क्रिकेटर विराट कोहली की विरासत का जश्न मनाया। आसमान में दिखा अद्भुत नजारासोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बारिश के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के ऊपर से सफेद कबूतरों का एक झुंड जाते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद फैंस कह रहे हैं कि देखो ये सफेद पक्षी भी कोहली के सम्मान में स्टेडियम आए हैं। पक्षियों के झुंड की यह छलक टीम ने भी अपने वीडियो में शेयर की है।

## रोस्टन चेज़ बने वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के कप्तान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने स्पिन ऑलराउंडर रोस्टन चेज़ को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है, जबकि जोमेल वॉरिकन को उनका डिप्टी बनाया गया। खास बात यह है कि चेज़ ने पिछले दो साल से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, बावजूद इसके उन्हें टीम की कमान सौंप दी गई है। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में बताया कि रोस्टन चेज़ को शुक्रवार को कप्तान नियुक्त किया गया। 33 वर्षीय चेज़ ने 32 वर्षीय क्रैग ब्रैथवेट की जगह ली है, जिन्होंने मार्च में तीन साल तक कप्तानी संभालने के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था। चेज़ जून और जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट चेज़ के होम ग्राउंड बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा, जो उनके करियर का 50वां टेस्ट भी होगा। उन्होंने 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था। सीडब्ल्यूआई ने टेस्ट टीम के नए कप्तान के चयन को लेकर एक मजबूत डेटा-आधारित प्रक्रिया अपनाई, जिसके तहत छह खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इन खिलाड़ियों में जॉन कैंपबेल, टेवन इमलाक, जोशुआ डा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, रोस्टन चेज़ और जोमेल वॉरिकन के नाम शामिल थे। इन सभी उम्मीदवारों का मूल्यांकन कई प्रमुख पहलुओं पर किया गया, जिनमें टेस्ट अनुभव, नेतृत्व क्षमता और पूर्व कप्तानी रिकॉर्ड शामिल रहे। इसके बाद चयन प्रक्रिया में एक विस्तृत मूल्यांकन चरण शामिल किया गया, जिसमें नेतृत्व शैली, व्यवहार और भूमिका के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट भी शामिल था।

## अमेरिका में खेलेंगे ताईक्वांडो खिलाड़ी व प्रयागराज में तैनात सिपाही ऋषी राय

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रयागराज पुलिस तैनात सिपाही ऋषी राय 22 जून से 7 जूलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष आयोजित होने वाले विश्व पुलिस गेम्स में खेलने जाएंगे। यह जानकारी रविवार को हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी के प्रतिनिधि से अनौपचारिक मुलाकात में ताईकांडो खिलाड़ी ऋषी राय ने दी। प्रयागराज पुलिस लाइंस में तैनात सिपाही गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षित ऋषी राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के सैदपुर गांव निवासी है। वह पुलिस विभाग में खेल कोटे से सिपाही के पद पर नियुक्त हुए है। उनकी खेल के प्रति लगन ने विश्व पुलिस गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन हो गया । उन्होंने बताया कि आगामी 27 जून से 7 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष विश्व पुलिश गेम्स का आयोजन होने जा रहा है जिसके लिए भारतीय पुलिस् गेम्स में खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का चयन किया गया है । इसमें गाजीपुर के लाल और ताईक्कांडो खिलाड़ी ऋषी राय का चयन भारतीय ताईक्कांडो टीम में किया गया है जो अमेरिका में जुटने जा रहे विश्व के तमाम देशों के पुलिस खिलाड़ियों के समक्ष पुरुषों के 68किग्रा में भारत का नेतृत्व करेंगे। वहीं ऋषी राय के कोच व गौतम स्पोर्ट्स अकादमी के प्रबन्ध निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि ऋषी वर्ष 2016 में मेरे संपर्क में आए और उनके अनुशाषित दिनचर्या व ताईक्कांडो खेल के प्रति सच्ची निष्ठा भावना ने मुझे प्रभावित किया । कोच ने बताया कि ऋषी के नाम दर्जनों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक हैं । इनके शानदार खेल के प्रदर्शन को देखते हुये राज्य सरकार के खेल कोटे से ऋषी राय को वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कर लिया गया है । भर्ती के पश्चात् भी ऋषी के प्रशिक्षण व दिनचर्या में कोई बदलाव नही आया है और विगत वर्ष जून में गुवाहाटी(असम) में आयोजित नवीं अखिल भारतीय पुलिश गेम्स में भी बी.एस. एफ., सी.आर.पी.एफ. और आई.टी.बी.पी. जैसे टीमों को हरा कर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का अपना दबदबा यहां भी बनाए रखा । इस अद्वितीय प्रदर्शन को देखते हुये अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली के उच्चाधिकारियों ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स के लिए ऋषी राय का चयन भारतीय दल में कर लिया है । इस अवसर पर ऋषी राय को उत्तर प्रदेश के पुलिस् महानिदेशक (डी.जी.पी.) प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय लखनऊ में संम्मानित किया , इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने ऋषी राय को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया और विश्व दौरे के लिए शुभकामनाएं दीं । इधर विश्व पुलिस् गेम्स के लिए भारतीय टीम में ऋषी के चयन की खबर पाते ही गौतम स्पोर्ट्स अकादमी गैबिपुर में साथी खिलाड़ियों व अकादमी के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी , सभी ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाइयाँ दीं , गाजीपुर ताईक्कांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.मुकेश सिंह ने कहा कि जनपद वापसी पर ऋषी राय को सम्मानित किया जाएगा ।

## आईपीएल 2025 : बेंगलुरु-कोलकाता मुकाबला बिना टॉस के रद्द, प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई केकेआर

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 58वें मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों को मायूसी का सामना करना पड़ा। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। लगातार बारिश के कारण टॉस भी संभव नहीं हो सका और अंततः अंपायरों ने रात्रि 10:24 बजे मैच रद्द करने का निर्णय लिया।बारिश से मुकाबला रद्द होने के चलते दोनों टीमों को 1-1 अंक दिए गए। इस परिणाम ने आरसीबी को 17 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जबकि कोलकाता की प्लेऑफ की उम्मीदों पर पूर्णविराम लग गया। केकेआर 13 मैच में 12 अंक तक ही पहुंच सकी। एक ओर बेंगलुरु की टीम 17 अंकों के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने के काफी करीब पहुंच गई है। हालांकि उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हुई है, क्योंकि चार टीमों के पास अब भी 17 या उससे अधिक अंक अर्जित




करने का मौका है। वहीं, डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैच रद्द होने के बाद मिले एक अंक से करारा झटका लगा है। आईपीएल 2025 का 58वां मुकाबला धुलने के साथ ही डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी टूट गईं। अब कोलकाता नाइट राइडर्स 13 मैच में 5 जीत, 6 हार और 2 मैच का परिणाम नहीं निकलने के साथ 12 अंक लेकर छठे पायदान पर है। इससे पहले मौजूदा सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच भी मुकाबला रद्द रहा था।

# भारत में पहली बार 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' का आयोजन, एनआरएआई ने तय की प्रमुख रूपरेखा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित हुई, जिसमें 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई)' के पहले संस्करण के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई और उन्हें अंतिम रूप दिया गया। यह लीग भारत में शूटिंग खेल को व्यावसायिक और पेशेवर मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।बैठक में शासन संरचना, खेल प्रारूप, खिलाड़ियों की भर्ती व श्रेणियां, एजेंसियों की नियुक्ति, ब्रांडिंग और लोगो लॉन्च, तथा पुरस्कार राशि जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया। एसएलआई को एक पारदर्शी और संरचित शासन प्रणाली के अंतर्गत



चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा और खेल की व्यापकता को नया आयाम मिलेगा।एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश सिंह देव ने कहा, एसएलआई एक ऐसा मंच बनेगा, जो शूटिंग जैसे ओलंपिक खेल को लीग प्रारूप की रोमांचक शैली में प्रस्तुत करेगा। यह लीग न केवल भारत के युवा निशानेबाजों को निखारेगी, बल्कि वैश्विक मंच पर भी इस खेल की पहचान को मजबूती देगी। पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी लीग की परिकल्पना की गई है।

**प्रमुख निर्णय और विशेषताएं**

-लीग का आयोजन 20 नवंबर से 02 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

-उद्घाटन समारोह 20 नवंबर को होगा, जबकि लीग स्टेज 21 से 26 नवंबर तक चलेगी।

-आठ टीमें, दो ग्रुप में विभाजित होंगी। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।

-शूटिंग के वर्गं 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल, 10 मीटर और 50 मीटर 3-पोजिशन रायफल, ट्रैप और स्कीट (शॉटगन)।

## हिमाचल की हरलीन दयोल बीसीसीआई के हाई परफॉर्मेंस कैम्प के लिए चयनित

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस द्वारा बेंगलुरु में आयोजित किए जा रहे हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप के लिए महिला वर्ग में हिमाचल की हरलीन दयोल का चयन हुआ है। हिमाचल की हरलीन दयोल यहां से एकमात्र क्रिकेटर हैं जिनका चयन इस कैम्प के लिए किया गया है। इस कैंप का आयोजन दो हिस्सों में किया गया है। पहला कैम्प 19 मई से लेकर 2 जून तक जबकि दूसरी बार 2 जुलाई से 11 जुलाई के बीच बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। उधर हिमाचल की हरलीन के चयन पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एचपीसीए द्वारा खिलाड़ियों के लिए दी जा रही आधुनिक और बेहतर सुविधाओं के चलते ही हिमाचल के क्रिकेटर इस तरह के कैंप के लिए चयनित हो रहे हैं।



# पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स का दावा- ब्रेक के बाद भी नहीं टूटी टीम की लय

**एजेंसी**

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आगामी मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कल होने वाले मैच से पहले तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम ने सप्ताहभर के ब्रेक के बाद भी अपनी लय नहीं खोई है, बल्कि खिलाड़ी और अधिक ताजगी के साथ लौटे हैं।

होप्स ने कहा, हमें थोड़ी चिंता थी कि टीम दोबारा कैसे एकजुट होगी, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने जिस तरह अभ्यास किया है। उससे साफ है कि हमारी लय में कोई कमी नहीं आई है। वास्तव में, कुछ खिलाड़ी घर जाकर तरोताजा होकर लौटे हैं, जो हमारे लिए फायदेमंद है। रणनीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं जब उनसे पूछा गया कि क्या रणनीति में कोई बदलाव देखने को मिलेगा,



तो उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम अपनी मौजूदा संरचना के साथ ही मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा, चाहे खिलाड़ी बदले हों, लेकिन खेलने का तरीका वही रहेगा। यह ब्रेक अप्रत्याशित था, लेकिन हम इसके सकारात्मक पहलुओं को देख रहे हैं।

**निडर युवा खिलाड़ियों की तारीफः** होप्स ने युवा भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनकी निडरता उन्हें और भी खतरनाक बनाती है। इन युवाओं के पास खोने को कुछ नहीं है और उनके पास भय का कोई नामोनिशान नहीं है। इस सीजन में कई युवा खिलाड़ी, चाहे वे हमारी टीम में हों या विरोधियों की, टूर्नामेंट में छा गए हैं। अब पंजाब किंग्स अपने शेष घरेलू मैच सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में खेलेगी। जब उनसे वहां की पिच पर टीम की रणनीति के बारे में पूछा गया, तो होप्स ने कहा, ÷हमारे पास तेज गेंदबाजों की मजबूत लाइनअप है, लेकिन अगर पिच स्पिन के अनुकूल हुई तो हमारे पास कुशल स्पिनर भी मौजूद हैं। हमने ऐसी टीम तैयार की है जो हर परिस्थिति में खेलने में सक्षम हो।

## विराट ने इतना बड़ा फैसला लिया, उन्होंने किसी से बात तो की होगी : ईशांत शर्मा

**मुंबई ।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए इशांत ने कहा कि वह इस फैसले से हैरान हैं खासकर उनकी की शानदार फिटनेस देखते हुए। इशांत ने कहा कि वह परिपक्व हैं। उन्हें पता है कि वह क्या कर रहे हैं। उनके संन्यास लेने के बाद मैंने उनसे बात नहीं की। लेकिन हर कोई जानता है कि जब तक आप खेल रहे हैं, तब तक जितना संभव हो उतना सामान्य रहना महत्वपूर्ण है। इसलिए विराट के साथ मेरी दोस्ती है। हमने कभी भी किसी चीज को थोपने की कोशिश नहीं की है। इशांत ने यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि हम इंसान हैं। और हम अच्छे दोस्त हैं। वह जानते हैं कि उन्हें जीवन में क्या चाहिए और उन्होंने किसी से बात की होगी।

## हॉकी इंडिया ने चार देशों के टूर्नामेंट के लिए घोषित की जूनियर महिला हॉकी टीम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। इस टीम की कप्तानी गोलकीपर निधि को सौंपी गई है, जबकि हिना बानो उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। यह टूर्नामेंट भारत के लिए आगामी जूनियर वर्ल्ड कप (दिसंबर 2025) की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। टूर्नामेंट में भारत, अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी, जहां हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इससे भारतीय टीम को अपनी रणनीतियों को परखने और टीम संयोजन को मजबूत करने का मौका मिलेगा।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा कि हम इस दौरे के जरिए अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, खासकर जब जूनियर वर्ल्ड कप सिर्फ छह महीने दूर है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को



अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, जो उनके विकास में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि हम इन खिलाड़ियों को भविष्य में सीनियर टीम में शामिल करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। इसके लिए वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है।भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली के खिलाफ खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम 26 मई को उरुग्वे, 28 मई को अर्जेंटीना, फिर 30 मई को चिली, 01 जून को उरुग्वे और 02 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। टीम अन्य दोनों देशों से भी दो-दो मैच खेलेगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार हैः**

गोलकीपर : निधि (कप्तान), एंगल हर्षा रानी मिंज।

डिफेंडर : ममिता ओराम, लालथनत्लुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी, साक्षी शुक्ला।

मिडफील्डर : प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, खाइदम शिलैमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजुर, प्रियांका डोगरा।

फॉरवर्ड : हिना बानो (उपकप्तान),सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच, कर्मनप्रीत कौर।

स्टैंडबाय खिलाड़ी : विद्याश्री वी, हुडा खान, मुनमुनी दास, सेलस्टिना होरो

# हरीथ नोआ विश्व रैली रेड चैम्पियनशिप से करेंगे वापसी

**एजेंसी**

**सन सिटी ।** भारत के प्रसिद्ध रैली रेड मोटरसाइकिल चालक हरीथ नोआ एक बार फिर प्रतिस्पर्धी रेस में लौटने को तैयार हैं। वे 18 से 24 मई तक सन सिटी पर्यटन स्थल से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीकी सफारी रैली में भाग लेंगे, जो अंतरराष्ट्रीय मोटर स्पर्धा महासंघ की विश्व रैली रेड चैम्पियनशिप 2025 का तीसरा चरण है। डकार रैली 2025 के दौरान लगी गंभीर चोट के बाद यह उनकी पहली प्रतिस्पर्धात्मक भागीदारी होगी। शेरको टीवीएस रैली फैक्टरी टीम के प्रमुख सदस्य नोआ को जनवरी 2025 में डकार रैली के प्रारंभिक चरण में दुर्घटना का सामना करना पड़ा था, जिसमें उनके हाथ की हड्डी टूट गई थी। हालांकि उन्होंने वह चरण पूरा किया, लेकिन बाद की




जांच में चोट की पुष्टि हुई और शल्य चिकित्सा की आवश्यकता पड़ी। अब चार महीने बाद, उन्होंने चोट से पूरी तरह उबरकर रेसिंग में लौटने की घोषणा की है। उन्होंने एक बयान में कहा, चोट के बाद मुझे स्वस्थ होने में समय लगा, लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं। यह मेरी उस दुर्घटना के बाद पहली दौड़ है, इसलिए थोड़ी चिंता स्वाभाविक है। परंतु इस समय सबसे ज़रूरी है शांत रहना और मोटरसाइकिल के साथ फिर से तालमेल बनाना। यह पहली बार है जब विश्व रैली रेड चैम्पियनशिप का कोई चरण दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हो रहा है, जिससे यह रैली ऐतिहासिक बन गई है। विविध प्रकार के मार्ग, कठोर भू-भाग और तेजी से बदलते मौसम के कारण यह प्रतियोगिता न केवल रोमांचक है, बल्कि चालकों के लिए एक कठिन परीक्षा भी है। विश्व रैली रेड चैम्पियनशिप 2025 में कुल पांच चरण शामिल हैं, जो तीन महाद्वीपों में आयोजित हो रहे हैं, जिनमें पहला है, डकार रैली (सऊदी अरब), दूसरा है अबू धाबी रेगिस्तानी चुनौती, तीसरा है, दक्षिण अफ्रीकी सफारी रैली, चौथा है बीपी अल्टिमेट रैली रेड (पुर्तगाल, सितंबर) और पांचवां और अंतिम है रैली डू मोरक्को (अक्टूबर)। नोआ की वापसी केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय मोटरस्पर्धा के लिए भी गौरव का विषय है। इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भारतीय प्रतिभागिता से भारत की पहचान वैश्विक स्तर पर और सशक्त होती है।

## शक्कर महंगी, खाद्य तेल में नरमी, दलहन, दाल मजबूत, चावल सामान्य



**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर मांग से ऊंची बिकी। खाद्य तेलों में नरमी रही। आज पाम तेल नीचा बोला गया। तिलहन में लिवाली रही। दलहन मजबूत रहे। आज दालों में मांग रही। चावल में उठाव बना बताया गया।

**किराना बाजार:** सियागंज किराना बाजार में शक्कर मांग से महंगी बिकी। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ मजबूत रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया।

**तेल-तिलहन:** खाद्य तेलों में कमी दर्ज की गई। आज पाम तेल सस्ता हुआ। तिलहन में पूछपरख के चलते मजबूती रही।

**दाल-दलहन:** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में मांग बनी रही।दालों में उठाव बना बताया गया। चावल में मजबूती दर्ज की गई।

## यूएस से भेजे गए पैसे पर कर लगाने की योजना बना रहा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार उस पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने की योजना बना रही है, जो विदेशी नागरिक अपने देशों में भेजते हैं। इस पर भारत में चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड सकता है। जीटीआरआई ने रविवार को यह बात कही। प्रतिनिधि सभा में 12 मई को एक विधेयक पेश किया गया था। जिसे 'द वन बिग ब्यूटीफुल बिल' कहा जा रहा है। इसमें गैर-निवासियों की ओर से अपने देशों में भेजे जा रहे पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान उन लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, जैसे ग्रीन कार्ड धारक या अस्थायी वीजा पर काम करने वाले लोग (जैसे H-1B या H-2A वीजा वाले)। यह कर अमेरिका के नागरिकों पर नहीं लगेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह प्रस्तावित कर भारत में चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि अगर यह कानून बनता है, तो भारत को हर साल अमेरिका से मिलने वाली मुद्रा में अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसने कहा, भारत के लिए यह अहम मामला है, क्योंकि देश को 2023-24 में 120 अरब डॉलर की रेमिटेंस हासिल हुई, जिसमें करीब 28 फीसदी अमेरिका से हासिल हुई।

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था ट्रंप टैरिफ, भारत-पाकिस्तान तनाव, अमेरिका चीन टैरिफ मुद्दे पर पारस्परिक समझौता और यूक्रेन व रूस के शांति वार्तओं से जुड़ी खबरों की वजह से काफी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी बढ़ सकती है। हाल ही में क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली। यह फिलहाल 63-64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की रेंज में कारोबार कर रहा है और मांग के कारण इसके आउटलुक दबाव में हैं। श्रीराम ग्रुप की वेटूवेल्थ ब्रोकर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि हाल ही में अमेरिका-ईरान प्रतिबंध कम करने से दोनों देशों में व्यापार होने की संभावनाओं बढं गई हैं। इससे ईरानी तेल निर्यात बढ़ने की भी उम्मीद है। इसकी वजह से अचानक अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में वृद्धि हुई । वहीं आईईए के संशोधित आपूर्ति पूर्वानुमान की वजह से कीमतों गिरावट आई है। भविष्य में मांग को लेकर आउटलुक दबाव में है। जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। एंजेल वन लिमिटेड के नॉन एग्री कमोडिटी उत्पाद और करेंसी विश्लेषक प्रथमेश माल्या कहते हैं, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले सप्ताह अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जिससे निवेशकों में अतिरिक्त आपूर्ति की चिंता बढ़ गई है।

## जीटीआरआई ने कहा, एपल को भारत से निकालने के पीछे उच्च टैरिफ को लेकर दबाव बनाना चाहता है अमेरिका


**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली एपल को भारत से निकालने के पीछे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को भारत पर दबाव बनाने के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही है। ऐसे में ट्रंप चाहते हैं कि कुछ फैसला होने से पहले ही भारत पर टैरिफ को लेकर इस तरह से दबाव बनाया जाए। ग्लोबल ट्रेड इनिशिएटीव रिसर्च (जीटीआरआई) के मुताबिक, यह ट्रेड टैरिफ के मामले में भारत को दबाने की ट्रंप की चाल हो सकती है। ट्रंप ने टिम कुक से चीन से विनिर्माण इकाई को स्थानांतरित करने के लिए अभी तक नहीं कहा है, जबकि एपल 85 फीसदी आईफोन चीन में बनाती है। भारत का योगदान सिर्फ 15 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार, एपल विनिर्माण इकाइयों को बाहर ले जाती है तो इससे भारत को राजस्व का बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा। हालांकि, नौकरियों पर जरूर असर पड़ेगा, क्योंकि देश में सस्ते वेतन पर लोग मिल जाते हैं। इस फैसले से एपल को ही ज्यादा नुकसान हो सकता है। भारत प्रति आईफोन से 30 डॉलर कमाता है।

# डीजीटीआर ने मनाई 8वीं वर्षगांठ, निष्पक्ष व्यापार के प्रति दोहराई अपनी प्रतिबद्धता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया। डीजीटीआर ने यह जश्न भारतीय उद्योगों को अनुचित व्यापार प्रथाओं और आयात में अचानक वृद्धि से बचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए मनाया।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार उपचार महानिदेशालय को उनकी 8वीं वर्षगांठ पर बधाई। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार व्यापार उपचार जांच में दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पेश करने के लिए एक डिजिटल मंच विकसित कर रही है। सरकार व्यापार समाधान जांच में ई-फाइलिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी। मंत्रालय ने कहा इस मंच के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिससे सभी हितधारकों के लिए पारदर्शिता, दक्षता




और पहुंच में आसानी होगी। इस अवसर पर डीजीटीआर के महानिदेशक ने भारत के व्यापार उपचार पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता को बनाए रखने में संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि निदेशालय का मुख्य उद्देश्य समयबद्ध तरीके से जांच करके संवेदनशील क्षेत्रों को किसी भी निर्यातक देश से डंपिंग और सब्सिडी जैसे व्यापार उदारीकरण के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में व्यापार उपचार महानिदेशालय को उनकी 8वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। गोयल ने लिखा कि भारतीय उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचाने के लिए उनके अटूट समर्पण ने हमारे घरेलू खिलाड़ियों, विशेष रूप से हमारे छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किया है। नियम-आधारित व्यापार को बढ़ावा देकर@DGTR_GOI हमारे व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि भारत ने 1995 से अब तक 1,200 से ज्यादा व्यापार उपचार जांचें शुरू की हैं और हाल ही में किए गए हस्तक्षेपों ने सौर ऊर्जा और उन्नत सामग्री जैसे कि सौर सेल और तांबे के तार की छड़ों सहित घरेलू क्षेत्रों को अनुचित मूल्य वाले आयात और सब्सिडी वाले सामानों से बचाया है। ये जांच वाणिज्य मंत्रालय की शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा की जाती है।

## आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 20 रुपये के नए नोट करेगा जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपये मूल्यवर्ग के नए बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने जारी बयान में बताया है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए जाएंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। बयान के अनुसार इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों जैसा ही है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक द्वारा अतीत में जारी किए गए 20 रुपये मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। नए 20 रुपये के बैंक नोटों का डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये के नोटों जैसा ही रहेगा। आरबीआई के मुताबिक डिजइन, रंग या सुरक्षा सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बयान के मुताबिक रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए 20 रुपये के सभी पिछले संस्करण वैध मुद्रा माने जाते रहेंगे और नई श्रृंखला के




साथ प्रचलन में बने रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह अपडेट आरबीआई द्वारा नियमित रूप से जारी किए जाने वाले बैंक नोटों का हिस्सा है, जिसमें रिजर्व बैंक गवर्नर के हस्ताक्षर अपडेट किए गए हैं। आरबीआई के मुताबिक इससे बाजार में पहले से मौजूद उसी मूल्यवर्ग के मौजूदा 20 रुपये के करेंसी नोटों की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता है।

## मंत्री मनोहर लाल ब्राजील दौरे पर, ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। बैठक में भारत ऊर्जा क्षेत्र में पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगा। ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाना विषय के तहत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 फीसदी की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल है। इसके साथ ही देश ऊर्जा तक समान पहुंच की यह यात्रा एक मजबूत, भविष्योन्मुख और टिकाऊ ऊर्जा क्षेत्र




सुनिश्चित करने और ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा। बयान में कहा गया है कि मंत्री मनोहर लाल के निर्माण में ब्रिक्स देशों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने के भारत के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करती है।

## डीपीआईआईटी ने जलवायु-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए जीईएपीपी से किया समझौता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने देश के स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्रों में नवाचार, स्थिरता और उद्यमशीलता में तेजी लाने के लिए ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि समझौता ज्ञापन पर डीपीआईआईटी के निदेशक सुमीत जारंगल और जीईएपीपी के भारत उपाध्यक्ष सौरभ कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस पहल का उद्देश्य भारत की नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप स्केलेबल, निवेश योग्य उपक्रमों की एक मजबूत पाइपलाइन बनाना है। इस समझौता ज्ञापन के तहत जीईएपीपी 'एनर्जी ट्रांजिशन इनोवेशन चैलेंज' (एंटाइस) पेश करेगा, जो एक प्रतिस्पर्धी मंच है। यह उच्च प्रभाव वाले समाधानों के लिए 5 लाख डॉलर तक का पुरस्कार प्रदान करता है। डीपीआईआईटी में संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह इम्पैक्ट और अवाना कैपिटल जैसे भागीदारों के माध्यम से निवेश सहायता भी सुगम बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विस्तार के प्रावधान के साथ दो




साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा स्टार्टअप के लिए देश के दीर्घकालिक शुद्ध-शून्य उद्देश्यों का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण अवसर खोलेगी। स्पेक्ट्रम साल की साझेदारी, फंडिंग एक्सेस, मेंटरशिप, पायलट अवसरों और बाजार लिंकेज के माध्यम से शुरुआती चरण के जलवायु-तकनीक स्टार्टअप का समर्थन करेगी।

## आईआईसीए और डीजीआर ने वरिष्ठों के लिए दूसरा प्रमाणन कार्यक्रम पूरा किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) और डायरेक्टरेट जनरल रीसेटलमेंट (डीजीआर) ने वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ स्वतंत्र निदेशक के लिए दूसरा प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्?न किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के 30 उच्च-श्रेणी के अधिकारी शामिल हुए।कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) ने डायरेक्टरेट जनरल रीसेटलमेंट (डीजीआर) के साथ मिलकर 5 से 16 मई, 2025 तक गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईआईसीए कैंपस में वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ विशेष प्रमाणन कार्यक्रम का दूसरे बैच का समापन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के 30 उच्च-श्रेणी के अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय ने




कहा कि प्रतिभागियों में एयर मार्शल, वाइस एडमिरल, रियर एडमिरल, एयर वाइस मार्शल, मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल और ग्रुप कैप्टन सहित अन?य श्रेणियों के कुल 30 वरिष्ठ अधिकारियों ने द्वि साप्ताहिक प्रमाणन कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान सभी ने अपने कॉर्पोरेट प्रशासन कौशल को बढ़ाने और सैन्य और कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रतिच्छेदन को समझने पर ध्यान केंद्रित किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसीए के डीजी एवं मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने की। समापन कार्यक्रम को लेफ्टिनेंट जनरल एसबीके सिंह, एसएम, डायरेक्टर जनरल, डीजीआर एंड वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन ने भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने सशस्त्र बलों और कॉरपोरेट जगत में होने वाले अनुभवों के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने रेखांकित किया कि कॉरपोरेट में सुशासन के लिए आवश्यक शर्तें-नैतिकता और अखंडता, सशस्त्र बलों में पहले ही मौजूद हैं। आईआईसीए के डीजी एवं सीईओ ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने उभरते भारतीय कॉरपोरेट परिदृश्य में अनुभवी लोगों की ओर से निभाई जाने वाली अपेक्षित भूमिकाओं के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर



अमेरिकी क्रूड 1.41 प्रतिशत उबलकर 62.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, लंदन ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65.33 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मंत्रिस्तरीय वार्ता आज से, गोयल करेंगे अगुवाई

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर मंत्रिस्तरीय वार्ता वाशिंगटन डीसी में होगी। आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए होने वाली बैठकों में दोनों देशों के शीर्ष व्यापार और वाणिज्य अधिकारी शामिल होंगे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने चार दिवसीय दौरे पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर विचार-विमर्श करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने चार दिवसीय दौरे पर पहले अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और बाद में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के साथ प्रस्तावित व?यापार समझौते पर विचार-विमर्श करेंगे। यह पीयूष गोयल की प्रस्तावित व्यापार समझौते



को लेकर अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इस वर्ष मार्च में वाणिज्य मंत्री ने ग्रीर और लुटनिक के साथ द्विपक्षीय बैठकें की थीं। 'बीटीए पर बातचीत को राजनीतिक दिशा देने के लिए दोनों देशों के मंत्री राजनीतिक स्तर की चर्चा करेंगे। इसके साथ ही वे पिछले दो महीनों में वार्ता में हुई प्रगति का आकलन भी करेंगे।' मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद 19 मई से 22 मई तक दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच विचार-विमर्श होगा। यह बैठकें ऐसे समय में होने जा रही हैं, जब दोनों देश इस साल सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले 'शीघ्र आपसी लाभ' हासिल करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं। भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने पिछले महीने वाशिंगटन में तीन दिवसीय विचार-विमर्श किया था। दोनों देशों के अधिकारी बीटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए 90 दिवसीय शुल्क विराम अवधि का लाभ उठाना चाहते हैं।

## पहलगाम हमले के बाद कश्मीर के स्ट्रॉबेरी की कीमतों में भारी गिरावट

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सर्दियों के बाद सबसे पहले पकने वाला फल स्ट्रॉबेरी स्थानीय बाजारों में आ गया है, लेकिन किसानों के बीच इसको लेकर कोई खास उत्साह नहीं देखने को मिल रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के कारण मांग और कीमतों में अचानक आई गिरावट ने स्ट्रॉबेरी उत्पादकों को इस समय घाटा उठाना पड़ रहा है। श्रीनगर के बाहरी इलाके हजरतबल के गुस्सो गांव के किसानों का कहना है कि पहलगाम की घटना ने स्ट्रॉबेरी बाजार पर बुरा असर डाला है। गुस्सो के किसान मंजूर अहमद ने कहा, ÷स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को स्ट्रॉबेरी का बेसब्री से इंतजार रहता है और बाजार में शुरुआत में काफी उत्साह था, लेकिन पहलगाम की घटना ने रातों-रात सब कुछ बदल दिया। कीमतें गिर गईं और मांग खत्म हो गई।पिछले आठ वर्षों से स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे मंजूर ने बताया कि जो फल पहले 80 से 100 रुपये प्रति पेटी मिलता था, वह अब 40 रुपये में बिक रहा है। इसी तरह, बड़े बक्से जो कभी 600 रुपये में मिलते थे, अब 250 रुपये में बिक रहे हैं। उन्होंने कहा, इस फल की शेल्फ लाइफ बहुत कम होती है। एक बार कटाई के बाद केवल तीन से चार दिन ही इसे सुरक्षित रखा जा सकता है। हम इसे बर्बाद नहीं होने दे सकते हैं। उन्होंने भंडारण और परिवहन सुविधाओं की कमी पर निराशा व्यक्त की।कश्मीर में स्ट्रॉबेरी की खेती एक अपेक्षाकृत नई प्रथा है। श्रीनगर और गंदेरबल के कुछ हिस्सों में कई किसान पारंपरिक सब्जी की खेती से इस फसल की ओर रुख कर रहे हैं। गुस्सू घाटी में प्रमुख स्ट्रॉबेरी उत्पादक क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। अधिकारियों ने कहा कि कश्मीर में सालाना 300 मीट्रिक टन से अधिक स्ट्रॉबेरी का उत्पादन होता है। पिछले साल जम्मू- कश्मीर प्रशासन ने स्ट्रॉबेरी को जम्मू के बाजारों में ले जाने के लिए रेफ्रिजरेटेड वाहनों की व्यवस्था की थी, जिससे नुकसान को रोकने में मदद मिली। हालांकि, किसानों का आरोप है कि इस साल ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। श्री मंजूर ने कहा, किसान असहाय हैं। कई लोग अब बार-बार होने वाली असफलताओं और सिकुड़ती कृषि भूमि के कारण स्ट्रॉबेरी की खेती को पूरी तरह से छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

## एलपीजी पर तेल कंपनियों का घाटा लगभग 45फीसदी तक कम होने की उम्मीद, रिपोर्ट में बताया गया


**एजेंसी**

**मुंबई।** यह कारण अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहती हैं, तो तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को एलपीजी से होने वाले घाटे में वित्त वर्ष 26 में लगभग 45 प्रतिशत की कमी आ सकती है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगले वित्त वर्ष में संचयी एलपीजी अंडर-रिकवरी में काफी कमी आने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण उच्च खुदरा कीमतों और कम अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों का मिश्रण है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहती हैं, तो संचयी रूप से, वित्त वर्ष 26 में एलपीजी अंडर-रिकवरी में 45फीसदी की कमी आने की उम्मीद है।' अंडर-रिकवरी तेल कंपनियों को होने वाले घाटे के बारे में बताती है। ये कंपनियां एलपीजी सिलेंडर को उनकी लागत मूल्य से कम पर बेचती हैं, ऐसा घरों में खाना पकाने की गैस को किफायती रखने के लिए किया जाता है। भारत में, लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी खपत घरेलू खाना पकाने के लिए उपयोग की जाती है, जबकि शेष 10 प्रतिशत का उपयोग औद्योगिक, वाणिज्यिक और मोटर वाहन क्षेत्रों में किया जाता है। पिछले दस वर्षों में, घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या दोगुनी हो गई है, जो 1 अप्रैल 2025 तक लगभग 33 करोड़ तक पहुंच गई है।

## भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड की एंट्री पर लगाया बैन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की। डीजीएफटी ने अपनी अधिसूचना में कहा, हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे, लेकिन नेपाल और भूटान के लिए आने वाले समान पर लागू होंगे। निर्देश के अनुसार, बांग्लादेश से सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट्स का आयात किसी भी भूमि बंदरगाह से नहीं किया जाएगा, हालांकि, इसे केवल न्हावा शेवा और कोलकाता बंदरगाहों के माध्यम से अनुमति दी गई है। अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड आइटम्स, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं। इन वस्तुओं को असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन (एलसीएस) या इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) के माध्यम से अनुमति नहीं दी जाएगी ।



साथ ही पश्चिम बंगाल में एलसीएस चंगराबांधा और फुलबारी से भी नुमति नहीं होगी। अधिसूचना में आगे लिखा गया है कि बंदरगाह प्रतिबंध बांग्लादेश से मछली, एलपीजी, खाद्य तेल और क्रश्ड स्टोन के आयात पर लागू नहीं होते हैं। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश सरकार ने राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) की अधिसूचना के माध्यम से भूमि बंदरगाहों के जरिए भारत से देश में यार्न के आयात पर प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के इस फैसले को देखते हुए ही भारत ने यह नया कदम उठाया है। भारत, बांग्लादेश के लिए ट्रांस-शिपमेंट सुविधा को भी समाप्त कर चुका है। भारत चीन के बाद बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2022-23 में, बांग्लादेश-भारत व्यापार लगभग 16 बिलियन डॉलर का था। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, बांग्लादेश ने लगभग 14 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया, जबकि भारत को उसका निर्यात 2 बिलियन डॉलर रहा।



## चमक रहे बरकरार

**रॉयल** लुक देने वाली पर्ल जूलरी को करीने से संभालकर रखना बेहद जरूरी है, तभी इसकी सुंदरता और चमक लंबे समय तक बरकरार रखी जा सकती है। पर्ल ऑर्गनिक मैटीरियल से तैयार किया जाते हैं। इसमें गोल्ड व सिल्वर का इस्तेमाल भी खूब होता है। लंबे समय तक इनकी शाइनिंग बरकरार रखने के लिए इन्हें डस्ट, स्क्रेच व दूसरे डैमेज से बचाना जरूरी होता है। यदि आप पर्ल जूलरी पहनी हो, तो डिटर्जेंट का इस्तेमाल अवॉइड करें। बेकिंग सोडा और ब्लीच का यूज भी ना करें। इनमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स पर्ल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। समय-समय पर इसकी सफाई करते रहे। सफाई के लिए मुलायम कपड़े का ही इस्तेमाल करें। यह पर्ल को नुकसान पहुंचाए बिना ही डस्ट हटा देगा। जब भी परफ्यूम और हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करें, तो ध्यान रखें कि इसे जूलरी पर न छिड़कें। इससे इसका कलर जाने की संभावना बनी रहती है। मेकअप पूरा होने के बाद ही जूलरी पहनें वरना मेकअप का कलर जूलरी में लग सकता है। पर्ल जूलरी को मेटलिक जूलरी के साथ ना रखें, बल्कि इसे एक मुलायम कपड़े में लपेट कर रखें। नहाते समय जूलरी निकाल दें, क्योंकि पानी का क्लोरीन पर्ल के लिए बेहद नुकसानदेह होता है।





# रूप मेरा सलोना

**खूबसूरत** त्वचा हर किसी को अपनी ओर अट्रैक्ट करती है, लेकिन सभी की त्वचा खूबसूरत नहीं होती। किसी की खुरदरी तो किसी की बहुत ज्यादा तैलीय होती है। अपनी त्वचा को कुछ खास बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन का पूरा-पूरा ख्याल रखें। वैसे भी आजकल वातारण में प्रदूषण बहुत अधिक है। जो स्किन प्रॉब्लम्स के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में चाहें तो कुछ फेशियल ट्राई कर सकती हैं। ये आपकी त्वचा के लिए लाभकारी हो सकते हैं। आजकल मार्केट में बहुत से फेशियल्स हैं, लेकिन सबसे खास है हर्बल फेशियल। यह स्किन पर एक अलग तरह का ग्लो ला देते हैं, जिससे चेहरा खिल-खिल जाता है।

## क्लीजिंग

हर्बल फेशियल में खीरा, गुलाब, नींबू और चंदन आदि मिला होता है। घरेलू हर्बल फेशियल आप घर पर भी कर सकती हैं। यदि आप घर में ही फेशियल कर रही हैं तो क्लीजिंग के लिए एक टेबल स्पून चावल के आटे में दो टेबल स्पून दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर अच्छी तरह मलें, फिर चेहरा ताजे पानी से धो लें।

## जरूरी है मालिश

क्लीजिंग के बाद फेस की मसाज करें। मालिश के लिए मलाई में कुछह बूंदे बादाम का तेल मिलाकर प्रयोग करें। मालिश गर्दन से शुरू करके ठुड्डी, मुंह, नाक, गाल और माथे पर करें। मालिश हमेशा हल्के हाथ से नीचे से ऊपर की ओर तथा गोल-गोल घुमाते हुए करें। इस क्रिया से रक्त संचार बढ़ेगा तथा आप अपने को तनावमुक्त महसूस करेंगी। अंत में अंगुलियों के पोरों से पूरे चेहरे को थपथपाएं।

## स्टीम

मसाज के बाद स्टीम लें। बाउल में पानी उबालकर थोड़े नीम के पत्ते भी डाल दें। फिर स्टीम लें। नीम की भाप आपकी स्किन को काफी फायदा पहुंचाएगी। इसके बाद ब्लैकहेड रिमूवर की सहायता से ब्लैकहेड्स निकालें। अब तौलिए से चेहरा पोंछकर फेसपैक लगाएं।

## होममेड फेसपैक

हमेशा ध्यान दें कि आपकी स्किन का टाइप क्या है, उसको देखकर ही फेस पैक लगाएं—

ड्राय स्किन के लिए: दो टेबलस्पून मसूर दाल को बारीक पीसकर उसके आटे में थोड़ा सा जैतून का तेल व ग्लिसरीन मिलाकर पेस्ट बना लें और लगाएं। इससे रूखी त्वचा में निखार आ जाता है।

नॉर्मल स्किन के लिए: एक चम्मच ऑरेंज पील पाउडर एवं गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर हलके हाथों से लगाएं। लगाने के बाद इसे कुछ समय के लिए छोड़ दें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

**चाहे कोई भी मौसम हो, त्वचा और बालों की बारह महीने, तीसों दिन देखभाल करनी पड़ती है। नहीं तो चांद सा सुंदर चेहरा आंखों का रंग सुनहरा धूमिल पड़ने लगता है। यदि इसे बरकरार रखना है तो हमेशा इसका ध्यान रखना पड़ेगा। और समय समय पर प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रखने के लिए प्रकृति के रंगों को चुनना होगा।**



## कूल शर्ट्स

फैशन के रंग मौसम की रंगत के साथ बदलने लगते हैं और गर्मी का मौसम इसके लिहाज से सबसे मुफीद होता है। इन गर्मियों में नॉटिका के स्प्रिंग कलेक्शन से आप अपने वार्डरोब को कूल और ट्रेंडी बना सकते हैं। वॉटर, पीपल और आर्किटेक्चर के स्पिरिट से इंस्पायर्ड ये शर्ट्स हर अकेजन के लिए फिट हैं। सिग्नेचर नेवी, सेल वाइट, नून ब्लू और यलो जैसे शेड्स वाली ये शर्ट्स आपको क्लीन लुक दे सकती हैं।

# क्या पहनाएं बच्चों को

यदि आप किसी शादी में जा रही हों तो अपने बच्चे पर शेरवानी ट्राई कर सकती हैं। ये आपके बच्चे को ट्रेडिशनल लुक तो देता ही है, साथ ही साथ बच्चा स्टाइलिश भी लगता है। इसके अलावा ब्राइट कलर वाली प्लेन शेरवानी भी पहनाई जा सकती है। साथ ही ड्रेस से मैच करते हुए नागरे या जूतियां पहनाएं। शेरवानी के साथ ही कोट पैंट भी एक बढ़िया ऑपशन है। फॉर्मल पैंट के साथ डिजाइनदार शर्ट पहनाएं। यदि ठंड का मौसम हो तो कढ़ाई वाला कोट भी पहनाया जा सकता है। और हां गले में बो पहनाना न भूलें, इससे आपके बच्चे का स्मार्ट लुक आता है। फूटवियर्स के तौर पर आप लेदर के शूज पहनाएं,और यदि आपका बच्चे के साथ किसी बर्थ-डे पार्टी में जा रही है तो बच्चे को डेनिम जींस के साथ शर्ट पहनाएं व लाइट वाले स्टाइलिश जूते पहनाएं। यदि आपके बच्चे का ही बर्थ-डे हो तो बच्चे को मल्टी पॉकेट पैंट्स के साथ ब्राइट कलर वाली टी-शर्ट पहनाएं।



## बच्चों को वक्त देना जरूरी

**तो क्या** बेस्ट मॉम बनने के लिए बच्चे को ज्यादा वक्त देना जरूरी है? डीयू के एक कॉलेज में कंप्यूटर साइंस की टीचर संगीता पाठक इसका जवाब 'हां' में देती हैं। हायर एजुकेशन ले रहे दो बच्चों की मां संगीता बताती हैं कि बेहतर टाइम मैनेजमेंट मां के लिए बड़ा चैलेंज है। ग्रेजुएशन खत्म होने से पहले ही मेरी शादी हो गई थी, इसलिए मां बनने के बाद पढ़ाई और फिर कैरियर को आगे बढ़ाना भी एक चैलेंज था। मैंने प्राइमरी टीचर बनकर काम शुरू किया। कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई भी साथ-साथ चलती रही। नन्हे बच्चे को धूप में बाहर लाना अच्छा नहीं लगता था, पर स्कूल से लौटते वक्त उसे क्रेच से घर लाना पड़ता था। बड़े होते बच्चों के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ीं। शाम को कभी बेटे को स्केटिंग या स्विमिंग क्लास ले जाना होता था, तो कभी बेटी को डांस क्लास। उनकी पढ़ाई और होमवर्क की जिम्मेदारी थी, सो अलग।